# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। रविवार 31 अगस्त-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 252 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










# रक्षा क्षेत्र में यूपी की नई उड़ान, ड्रोन निर्माण यूनिट का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी ने किया शुभारंभ








## नोएडा में एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी शुरू

**नोएडा।** रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर में रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई, एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र मजबूत होता है और यूपी रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह नोएडा को डिफेंस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊंचाई देगा।

कहा, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर का सामना करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के साथ एयरक्राफ्ट इंजन एंड डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी विकसित की गई है। पहले हमें दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था, डाटा कैप्चर कर दुश्मन हमें पंगु बनाने की कोशिश करता था। अब ऐसा नहीं होगा।

सीएम योगी ने कहा कि 1947 से भारत विभिन्न युद्धों का सामना करता रहा है। प्रत्येक युद्ध का पैटर्न बदलता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध के एक नए दौर में प्रवेश किया, जिसने भारत के सामर्थ्य का एहसास दुनिया को कराया। लेकिन इसने हमें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा भी दी।

हम सभी जानते हैं कि ताकत हो तो दुनिया नतमस्तक होती है। सीएम योगी ने गुरु द्रोणाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया कि आप शस्त्र क्यों धारण कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा- 'अग्रतः चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः'। शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते।



शस्त्र और शास्त्र के बेहतर समन्वय से राष्ट्र शक्तिशाली होता है। शांति मांगने से नहीं, ऐसी स्थिति में अगला व्यक्ति शांति की अपील करता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने भी कहा था- वीर भोग्या वसुंधरा।

**रक्षा उपकरणों के निर्माण यूपी में होंगी सभी सुविधाएं :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले से समृद्ध रहा है। यहां 9 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पहले से चल रही हैं, जो रक्षा उत्पादन में योगदान दे रही हैं। डिफेंस पीएसयूज उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की चुनौतियों को देखते हुए दो नए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग केंद्र दिए, जिसमें एक यूपी को मिला। हम 6 नोड्स- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में विकास कर रहे हैं। अब तक 12.5 हजार एकड़ लैंड उपलब्ध कराई गई है। जितनी भी सुविधा चाहिए, यूपी सरकार उपलब्ध कराएगी। सीएम योगी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल का केंद्र लखनऊ में बनाया है। अब लखनऊ ब्रह्मोस मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी, जब तक मिसाइल की गूंज दुश्मन के कानों तक न पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता दिखाई। इसी तरह उऊछ का केंद्र झांसी में, अङ 203 अमेठी में और एस्कॉर्ट हरदोई में कार्यरत हैं।

**रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई का हुआ उद्घाटन :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई का उद्घाटन किया, जहां अत्याधुनिक ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।

इसके बाद एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फेसिलिटी का लोकार्पण हुआ, जो रक्षा क्षेत्र में परीक्षण और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों ने ड्रोन प्रदर्शनी का दौरा किया, जहां विभिन्न प्रकार के ड्रोन के मॉडल और उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सीडीएस जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, सांसद महेश शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि व रक्षा विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

---

### हाउस टैक्स और विकास कार्यों पर पार्षदों ने घेरा निगम

## 30 जून मिनट्स की पुष्टि के बाद ही चलेगी 1 सितम्बर की बोर्ड बैठक, पार्षदों ने दी चेतावनी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम मुख्यालय स्थित पार्षद कक्ष में पार्षद वेलफेयर कोर कमेटी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें बढ़े हुए हाउस टैक्स और आगामी 1 सितम्बर को होने वाली चुनावी बोर्ड बैठक पर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि 1 सितम्बर की बैठक की शुरूआत 30 जून को हुई पिछली बैठक के मिनट्स की पुष्टि से ही होगी, इसके बाद ही आगे की कार्यवाही आगे बढ़ेगी।

बैठक में पार्षदों ने निगम अधिकारियों पर आरोप लगाया कि बजट न होने की बात कहकर कार्य रोके जा रहे हैं, जबकि कुछ चुनिंदा वार्डों में करोड़ों रुपये के कार्य लगातार जारी हैं।

**पार्षदों की चेतावनी : पक्षपातपूर्ण रवैया बंद हो और विकास कार्यों का हो समान बंटवारा**



करंट क्राइम। पार्षदों ने साफ कहा कि यदि अधिकारियों ने पक्षपातपूर्ण रवैया बंद नहीं किया और विकास कार्यों का समान बंटवारा नहीं हुआ, तो वे बोर्ड बैठक में कड़ा विरोध दर्ज कराएंगे। पार्षद नीरज गोयल ने भाजपा पार्षदों से संगठन के पैनल और आदेश के अनुसार कार्य करने की अपील की। साथ ही वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से चुनाव में दो उम्मीदवार जिताने की रणनीति पर भी जोर दिया गया।

बैठक में पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा, प्रवीन कुमार मुलायम, मदन राय, ओमप्रकाश ओढ़, देव नारायण शर्मा, कन्हैया लाल, संतोष सिंह राणा, पवन गौतम, शिवम शर्मा, प्रमोद राघव, पूर्व पार्षद जाकिर अली, डॉ. पवन गौतम और पूर्व पार्षद मनोज गोयल समेत कई पार्षद उपस्थित रहे।

---

### दैनिक करंट क्राइम की खबर पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने रखी अपनी बात

## कहा, इसलिए नहीं दिया अभी तक कोई पैगाम, नहीं सामने आया है अतुल गर्ग का कोई विवादास्पद काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने दैनिक करंट क्राइम की उस खबर पर संज्ञान लिया है जिसमें हमने प्रकाशित किया था कि आखिर वो जनरल वीके सिंह के सांसद रहते हुए जितना उनके बारे में लिखते थे। अब वो अतुल गर्ग के सांसद रहने पर उतना क्यों नहीं लिख रहे हैं। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने इस खबर पर संज्ञान लिया और उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा कारण ये है कि अतुल गर्ग ने सांसद रूप में ऐसा कोई विवादास्पद कार्य नहीं किया। जिसके लिए कुछ लिखा जाये। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखने और ना लिखने को लेकर स्पष्टवादिता के साथ अपनी बात को रखा। यहां वो राजनीति में होम टाउन का नया कन्सेप्ट भी लाये हैं और उन्होंने जो कुछ लिखा है उसे हम अपने पाठकों के लिए प्रकाशित कर रहे हैं। फिलहाल तो पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने इतना ही कहा है कि उनका स्थानीय होना क्षेत्र के लिए शुभ है और ये भविष्य में पता चलेगा कि वो क्षेत्र के विकास में कितना योगदान देते हैं। उनका ये भी कहना है कि अभी से उनकी आलोचना करना शायद जल्दी हो जायेगी। बालेश्वर त्यागी ने गहन शब्दों से ये भी बताया है कि किसी भी विषय पर लिखने का आधार कभी भी निजी कारण और निजी नाराजगी कभी नहीं होती। बालेश्वर त्यागी ने अपने पत्र में कहा कि मैं अपने एफबी पेज पर समय समय पर कुछ कुछ लिखता रहता हूं। इसमें से कुछ को जो उन्हें अपने हिसाब से जांचता है, करंट क्राइम समाचार पत्र अपने पत्र में छापता है। इसके लिए मै करंट क्राइम का हदय से आभारी हूं। करंट क्राइम ने अपने पत्र में इसका गिला किया है कि जनरल वीके सिंह पर लिखने


जनरल वीके सिंह पर लिखने वाले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी क्यों हैं सांसद अतुल गर्ग पर खामोश

क्या वो संतुष्ट हैं उनकी कार्यशैली से तभी नहीं दिखाते वो इतना जोश

वाले बालेश्वर त्यागी अतुल गर्ग पर मौन क्यों हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ये है कि अतुल गर्ग माननीय सासंद जी ने ऐसा कोई विवादास्पद कार्य नहीं किया है, जिसके लिए कुछ लिखा जाए। दूसरे मै जो भी लिखता हूं,उसका आधार मेरा कोई निजी कारण नहीं होता।मेरी कोई निजी नाराजगी नहीं होती है। मुझे जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के अवसर मिले हैं, उस रूप में मेरे बहुत सारे अनुभव हैं और मेरी एक समझ विकसित हुई है।

मेरा किसी विषय पर लिखने का ये ही सबसे बड़ा आधार होता है। सरकारी नौकरी में बाबू को छोड़कर किसी अधिकारी को उसके गृह क्षेत्र में नियुक्ति नहीं दी जाती है। इसका कारण ये है कि वह निष्पक्ष होकर काम करे। स्थानीय निवासी का कोई न कोई एक पक्ष हो जाता है। इस कारण उसे गृह जनपद में भी नियुक्ति नहीं मिलती। इसी तरह मुझे लगता है कि जनप्रतिनिधि को अपने गृह क्षेत्र से ही चुनाव लड़ना चाहिए। उसे क्षेत्र की समस्याओं को जानने और बहुत सारी समस्याओं को स्वयं से भुगतने के कारण ठीक से ज्ञान होता है। दूसरे उस क्षेत्र की राजनैतिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और शैक्षणिक परिस्थितियों की ठीक से जानकारी होती है। उस क्षेत्र के सामाजिक, राजनैतिक, साहित्यिक और शिक्षा जगत के प्रमुख लोगों से परिचय होता है। इस कारण क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर पाना सुगम होता है।

दुर्भाग्य से गाजियाबाद के संसदीय क्षेत्र को स्थानीय प्रतिनिधि कम ही मिले हैं। पहले स्थानीय प्रतिनिधि अनवर अहमद, दूसरे के सी त्यागी, तीसरे रमेशचंद तोमर और चौथे सुरेन्द्र प्रकाश गोयल थे। अब अतुल गर्ग स्थानीय सासंद हैं। अतुल गर्ग का स्थानीय होना क्षेत्र के लिए शुभ कारण है। क्षेत्र के विकास में वे कितनी महत्वपूर्ण निभाते हैं, ये भविष्य में पता चलेगा। अभी विकास को लेकर उनकी आलोचना करना शायद जल्दी हो जाएगी।

# जम्मू-कश्मीर में बिगड़े हालात... रियासी में भूस्खलन से 7 की मौत

## रामबन में बादल फटने से 4 लोगों की गई जान

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले के राजगढ़ इलाके में भारी बारिश और ऊपरी इलाकों में बादल फटने से एक बार फिर से फ्लैश फ्लड की स्थिति बन गई है। इस घटना में अब तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 4 लोग लापता बताए जा रहे हैं। वहीं रियासी जिले के महौर क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के चलते भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं। शुरूआती रिपोर्ट्स के अनुसार मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

प्रशासन के अनुसार कई मकानों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से कुछ पूरी तरह बाढ़ के पानी में बह गए। हालात को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। रेस्क्यू टीमें प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं ताकि लापता लोगों को तलाशा जा सके। साथ ही प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी राहत केंद्र बनाए गए हैं।





प्रशासन के अनुसार कई मकानों को नुकसान पहुंचा है



अधिकारियों ने कहा कि हालात पर नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त टीमें भी भेजी जाएंगी। लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिससे प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। वहीं रियासी भूस्खलन की घटना में स्थानीय प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मौके पर राहत-बचाव अभियान चला रही हैं। अगस्त 2025 में जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में भारी तबाही मची है। इस महीने में लगातार फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड्स का सामना करना पड़ा।

# बदलेगी भारत की सियासत! जब मिल बैठेंगे तीन यार

# वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी तेजस्वी के साथ शामिल हुए अखिलेश

**सारण:** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सारण से इस यात्रा का हिस्सा बने। राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी और महागठबंधन के कुछ अन्य नेता एक खुली जीप पर सवार थे और उन्होंने जगह-जगह उत्साही भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया।

अखिलेश यादव से पहले, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के। स्टालिन और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल हो चुके हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी। वेणुगोपाल ने एक्स' पर पोस्ट किया, ह्लआज सुबह, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी सारण में वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुए। उन्होंने कहा, ह्ललोकतंत्र की रक्षा के लिए इस ऐतिहासिक आंदोलन में उनका स्वागत है। वे




भाजपा के इशारों पर हो रहे लोकतंत्र के विनाश के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक अडिग सहयोगी रहे हैं और उत्तर प्रदेश तथा देश भर में गरीबों और वंचितों की एक मजबूत आवाज रहे हैं। यात्रा का आज 14वां दिन है और आगामी सोमवार को पटना में पैदल मार्च से पहले वाहन के जरिए यह आखिरी दिन की यात्रा है। सासाराम से 17 अगस्त को शुरू हुई 16 दिवसीय यात्रा एक सितंबर को पटना में विशाल पैदल मार्च'' के साथ समाप्त होगी। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

यह यात्रा अब तक रोहतास, औरंगाबाद, गयाजी, नवादा, शेखपुरा, नालंदा, लखीसराय, मुंगेर, कटिहार, पूर्णिया, सुपौल, मधुबनी, दरभंगा, मुजफ्फरपुर सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज और सीवान से होकर गुजर चुकी है। अब यह यात्रा सारण के बाद भोजपुर से गुजरेगी।

**गोपालगंज से ही शामिल होने वाले थे अखिलेश :** शुरूआती चर्चा थी कि अखिलेश गोपालगंज से यात्रा में शामिल होंगे, लेकिन उन्होंने 30 अगस्त को सीवान से यात्रा की शुरूआत की। यह पूरा इलाका उत्तर प्रदेश की सीमा से जुड़ा है। गोपालगंज यूपी के देवरिया से सटा है, जबकि सीवान, सारण और भोजपुर का इलाका बलिया से लगता है। इन सीमावर्ती इलाकों में न केवल भाषा और संस्कृति समान है, बल्कि सामाजिक रिश्ते भी गहरे हैं। यही कारण है कि यहां की सियासत में यूपी का असर साफ झलकता है।

**सवर्ण वोटों पर भी महागठबंधन की नजर :** पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी की बलिया और सलेमपुर (देवरिया) जैसी सीमावर्ती सीटें समाजवादी पार्टी ने जीती थीं। यही वजह है कि सपा की पकड़ का फायदा महागठबंधन बिहार के इन जिलों में उठाना चाहता है। बलिया के बैरिया क्षेत्र में जनेश्वर मिश्रा का गांव है, जो ब्राह्मण राजनीति में अहम चेहरा रहे हैं। इस इलाके की सीमा सीधे सीवान, सारण और भोजपुर से लगती है।

# गालीकांड पर लाठीयुद्ध...भाजपा कार्यकर्ताओं का कांग्रेस दफ्तर पर हंगामा

## पीएम को अपशब्द कहने वाला आरोपी गिरफ्तार



भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर घुस गए और लाठियां बरसाईं।

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राजद और कांग्रेस की संयुक्त रैली में अपशब्द कहे जाने को लेकर शुक्रवार को भाजपा कार्यकताओं ने पटना में कांग्रेस कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई। भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया।

कांग्रेस नेताओं ने आज तक से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय का गेट तोड़कर अंदर घुस गए और लाठियां बरसाईं। कार्यालय में खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ की और ईंट पत्थर भी चलाए। इसमें कुछ कांग्रेस कार्यकताओं को चोटें भी आई हैं। एक कार्यकर्ता का सिर फट गया। भाजपा नेताओं ने सदाकत आश्रम तक मार्च किया और राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं के खिलाफ नारेबाजी की।

इस प्रदर्शन के दौरान बीजेपी कार्यकताओं ने पटना में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय 'सदाकत आश्रम' में तोड़फोड़ की। उन्होंने कांग्रेस कार्यालय का गेट जबरदस्ती खोल दिया और अंदर घुस गए। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने उनका प्रतिरोध किया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में लाठियां चलने लगीं। दोनों तरफ से एक दूसरे पर ईंट और पत्थर भी बरसाए गए।

स्थिति को संभालने के लिए पटना पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस ने बीजेपी और कांग्रेस कार्यकताओं को मौके से हटाकर स्थिति पर काबू पाया। बता दें कि दरभंगा में बुधवार (27 अगस्त) को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मतदाता अधिकार रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मां के लिए मंच से अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, इस दौरान राहुल या तेजस्वी स्टेज पर मौजूद नहीं थे। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है।

# दिल्लीवालो सावधान! खतरे के निशान से ऊपर पहुंचा यमुना का जलस्तर, गहराया बाढ़ का संकट

**नई दिल्ली:** दिल्ली में यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर चला गया है। बुधवार रात 8 बजे जलस्तर 205.35 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 205.33 मीटर है। सरकार ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए चेतावनी जारी की है। अगले 2 से 3 दिनों में यमुना नदी का जलस्तर और बढ़ सकता है। यह 'गंभीर बाढ़' की श्रेणी में आ सकता है।

मयूर विहार में लोगों के रहने के लिए 100 राहत शिविर बनाए गए हैं। नोएडा और आसपास के इलाकों में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। कई लोगों के घर पानी में डूब गए हैं प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कह रहा है। सभी विभागों को अलर्ट




कर दिया गया है। सरकार और प्रशासन लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। लोगों को भी सावधानी बरतने और प्रशासन का सहयोग करने की जरूरत है।

दिल्ली में चेतावनी का निशान 204.5 मीटर जबकि खतरे का निशान 205.3 मीटर है। जलस्तर 206 मीटर पहुंचने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया जाता है। पुराना रेलवे पुल नदी के प्रवाह और संभावित बाढ़ के जोखिमों पर नजर रखने के लिए एक प्रमुख निगरानी पॉइंट है। केंद्रीय बाढ़ कक्ष के एक अधिकारी ने कहा, 'जलस्तर में वृद्धि का मुख्य कारण वजीराबाद और हथिनीकुंड बैराज से हर घंटे भारी मात्रा में पानी छोड़ा जाना है। जलस्तर और बढ़ने का अनुमान है।'

बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार, वजीराबाद से हर घंटे लगभग 37,230 क्यूसेक पानी और हथिनीकुंड बैराज से लगभग 52,448 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। बैराज से छोड़े गए पानी को दिल्ली पहुंचने में आमतौर पर 48 से 50 घंटे लगते हैं। ऊपरी इलाकों से कम पानी छोड़े जाने के बावजूद यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है।

# दिल्ली की सीएम का बड़ा एलान : अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए 'सर्वोच्च नकद पुरस्कार'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए 'सबसे अधिक नकद पुरस्कार' की घोषणा की है। उन्होंने कहा, 'खेलों में सिर्फ पदक और ट्रॉफी ही नहीं जीती जातीं, बल्कि जीवन भर के लिए सम्मान भी मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले किसी भी सरकार में खेलों पर इतना ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने देश भर में खेलों का परिदृश्य पूरी तरह से बदल दिया है।'

**पदक विजेताओं पर होगी नोटों की बारिश :** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः सात करोड़ रुपये, पांच करोड़



रुपये और तीन करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए यह पुरस्कार क्रमशः तीन करोड़ रुपये, दो करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये होगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे पुरस्कारों के साथ-साथ हमने अपने खिलाड़ियों के लिए रोजगार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है, तो 140 करोड़ भारतीयों को गर्व होता है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में खेलों को सराहा जाता है और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। यह नया भारत है, जहां हमारे खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा सुनिश्चित की जाती है।'

**दिल्ली में युवा और खेल विभाग का होगा गठन :** दिल्ली के युवा खिलाड़ियों व स्कूली बच्चों के लिए रेखा सरकार ने बीते माह मेडल जीतने पर नकद राशि का ऐलान करने के बाद अब बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अलग विभाग बनाने की घोषणा की है। गुरुवार को दिल्ली विधानसभा में अलग-अलग इलाकों से आए एथलीटों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार अलग से खेल व युवा मामलों के लिए अलग विभाग का गठन करेगी। उन्होंने साथ खड़े शिक्षा मंत्री आशीष सूद से इस बारे में आगे की कार्यवाही शुरू करने को कहा।

# 15 साल बाद सबसे अधिक वर्षा वाला महीना बना अगस्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मानसून एक्सप्रेस ने रफ्तार पकड़ी हुई है। इस कारण अगस्त 15 साल बाद सबसे अधिक वर्षा वाला महीना बन गया है। इस साल अगस्त में अब तक 400.5 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। इससे पहले वर्ष 2010 में 455.8 मिमी बारिश हुई थी।

दिल्ली में मानसून की सक्रियता के कारण अगस्त के महीने में अब तक 22 दिन बरसात हो चुकी है। 28 अगस्त तक बारिश का आंकड़ा 336.8 मिमी था, शुक्रवार को सफदरजंग मानक केंद्र पर शाम साढ़े पांच बजे तक 63.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस कारण बारिश का आंकड़ा 400.5 मिमी तक पहुंच गया था।



चूंकि अगस्त का महीना खत्म होने में दो दिन बाकी है और अभी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बारिश का ऑल टाइम रिकॉर्ड वर्ष 1961 का है जब अगस्त में 583.3 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

# दर्शकों के लिए बंद किया गया दिल्ली का चिड़ियाघर

## दो पक्षियों की मौत के बाद लिया गया फैसला

**नई दिल्ली।** चिड़ियाघर में एवियन इन्फ्लूएंजा (बर्ड फ्लू) की पुष्टि हुई है। ऐसे में चिड़ियाघर को दर्शकों के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है। यह कदम पेंटेड स्टॉर्क और ब्लैक-नेक्ड आइबिस की मौत के बाद लिया गया। जिनके नमूनों में गुरुवार रात भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान की जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी एवियन इन्फ्लूएंजा की तैयारी, नियंत्रण और रोकथाम के लिए कार्य योजना के प्राणी उद्यान के लिए दिशा-निदेर्शों के अनुसार तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी गई है।




मृत सारस के दो नमूनों को एवियन इन्फ्लूएंजा की जांच के लिए राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भोपाल भेजे गए थे। इसके बाद दोनों नमूनों के लिए एवियन इन्फ्लूएंजा वायरस के लिए सकारात्मक परिणाम की सूचना दी गई है। दो पक्षी के एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद दिल्ली के चिड़ियाघर को शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है। दोनों मृत पक्षियों के नमूने 27 अगस्त को भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे गए है। 28 अगस्त को जांच में उनमें एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने बताया कि चिड़ियाघर को बंद करना जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम है और अगली सूचना तक ये लागू रहेगा।

अधिकारियों ने बताया कि चिड़ियाघर को बंद करना जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम है और अगली सूचना तक ये लागू रहेगा। दो पक्षी के एच5एन1 बर्ड फ्लू वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद दिल्ली के चिड़ियाघर को शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद कर दिया गया है।

दोनों मृत पक्षियों के नमूने 27 अगस्त को भोपाल स्थित राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान भेजे गए है। 28 अगस्त को जांच में उनमें एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने बताया कि चिड़ियाघर को बंद करना जन स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक कदम है और अगली सूचना तक ये लागू रहेगा।

# निक्की हत्याकांड: परिजन बना रहे दूरी, मां बेवक्त खा रही खाना

**सिरसा।** सिरसा गांव के निक्की हत्याकांड मामले में परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने की मांग की। पुलिस आयुक्त ने आश्वासन दिया कि मामले में सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले की विवेचना अंतिम चरण में है। जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

इसके बाद सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी। वहीं जेल में बंद विपिन, उसके माता-पिता और भाई अन्य कैदियों से दूरी बनाकर रह रहे हैं। पिछले दिनों जेल में आरोपियों से मिलने के लिए उनके रिश्तेदार भी पहुंचे थे। जेल प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, विपिन की मां की दया खाना भी समय



पर नहीं खा रही है। मुख्य आरोपी उसके माता-पिता और भाई दूसरे कैदियों से ज्यादा बात नहीं करते हैं।

निक्की के पिता भिखारी सिंह ने पुलिस आयुक्त से बच्चों का दाखिला एनटीपीसी स्थित डीपीएस में कराने की मांग की। अभी निक्की और कंचन के बच्चे सिरसा स्थित स्कूल में पढ़ते हैं। पुलिस आयुक्त ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि न्याय की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 31 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Ayushhi Tyagi
2m

इस समाज में जो आदमी बुरा नहीं है वो बेवक़ूफ़ है।

~ जौन एलिया



# चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का हुआ समापन

## श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में निकाली गई शोभा-यात्रा









**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर में जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत मंडल के अध्यक्ष एवं दूधेश्वरनाथ पीठाधीश्वर श्री महंत नारायण गिरी महाराज के पावन सानिध्य एवं अध्यक्षता में चल रहे चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का शनिवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ समापन हो गया।

### शोभा-यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

विसर्जन से पूर्व मंदिर से शोभा-यात्रा निकाली गई जिसका पूरे शहर में जगह-जगह स्वागत किया गया और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। शोभा-यात्रा से पूर्व भगवान गणेश की प्रतिमा को महाराजश्री ने विधि-विधान के साथ भव्य रथ में विराजमान कराया और उनकी पूजा-अर्चना की , पूजा-अर्चना आचार्य लक्ष्मीकांत पाढ़ी,प्रबंधक अमित गोस्वामी, प्राचार्य तोयराज उपाध्याय, वरिष्ठ आचार्य नित्यानंद, आचार्य रोहित त्रिपाठी, आचार्य अजय दाधीच, आचार्य किशन, आचार्य अनिल पाढ़ी व श्री दूधेश्वर वेद विद्यालय के विद्यार्थियों ने कराई।

श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया गणेश उत्सव का महत्व : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि गणेश उत्सव 10 दिन तक चलता है और 11 वें दिन प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।इसका कारण यह है कि वेदव्यास जी ने जब भगवान गणेश से महाभारत ग्रंथ लिखने की प्रार्थना की तो गणपति जी लगातार 10 दिनों तक बिना रुके महाभारत लिखते रहें। 10 दिनों बाद जब वेदव्यास जी ने देखा तो गणेश जी का तापमान बहुत बढ़ा हुआ था, तो उनकी विनती पर भगवान गणेश ने जल में डुबकी लगाई थी, तभी से 10 दिन तक गणेश उत्सव मनाकर 11 वें दिन प्रतिमा विसर्जन की परम्परा चली आ रही है।मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि आज शोभा-यात्रा महाराजश्री के पावन सानिध्य व अध्यक्षता में गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा, देवी मंदिर के महन्त गिरिशानन्द गिरि जी महाराज, भैरव मन्दिर के महन्त कन्हैया गिरि जी महाराज,बाबा लाल मन्दिर नसरत पुरा के महन्त पंडित महेश वशिष्ठ ,शिव मन्दिर पटेल नगर के महन्त विजय गिरि, रमेश गिरि की उपिस्थिति रही।

### बैंड-बाजों के साथ शुरू हुई शोभा यात्रा

दूधेश्वर मन्दिर से ढोल-ताशे व बैंड-बाजों के साथ शुरू हुई और गउशाला रोड, दिल्ली गेट, जीटी रोड, दिल्ली गेट, डासना गेट, रमते राम रोड, गंज, घंटाघर, बजरिया, कीर्तन वाली गली, बजरिया, घंटाघर, चौपला मंदिर, सिहानी गेट होते हुए मीनामल की धर्मशाला पहुंची।शोभा-यात्रा का प्रथम स्वागत द्वारका पुरी दिल्ली गेट के प्राचीन देवी मंदिर पर मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरि ने किया। दिल्ली गेट में शिवकुमार, अमित जिंदल व बडी संख्या में भक्तों ने स्वागत किया।गंज में नरेश प्रधान व उनके साथियों समेत बडी संख्या में भक्तों ने शोभा-यात्रा का स्वागत कर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।चौपला के प्राचीन हनुमान मंदिर पर ईश्वर पंडित, अनुपम पंडित, राजीव शर्मा आदि भक्तों ने शोभा-यात्रा का स्वागत किया।मीनामल की धर्मशाला से भगवान गणेश की प्रतिमा को वाहनों से मुरादनगर के छोटा हरिद्वार में दूधेश्वर घाट ले जाया गया। मुरादनगर में शिव मंदिर पर राजेश त्यागी अनुज त्यागी विशम्बर त्यागी आदि ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की, वहीं घाट पर महंत मुकेश गिरि ने पूजा-अर्चना की।भगवान गणेश की प्रतिमा को गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ विदाई दी गई तो सभी भक्त भाव-विभोर हो गए।चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव में दूधेश्वर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग, उपाध्यक्ष अनुज धर्म गर्ग, श्री दूधेश्वर श्रृंगार सेवा समिति के अध्यक्ष विकास मित्तल का विशेष सहयोग रहा।



# आज गाजियाबाद में 10 स्थानों पर साइबर क्राइम से आजादी थीम पर होगा नुक्कड़ नाटक

## स्कूली छात्र और कॉलेज के विद्यार्थी बताएंगे बचाव और सुरक्षा के उपाय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में साइबर क्राइम पर रोकथाम लगाने और लोगों को जागरूक करने के साथ ही क्या करें और क्या ना करें, को लेकर रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के 10 स्थानों पर स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा साइबर क्राइम से आजादी थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। यहां पुलिस के साथ ही विद्यार्थी भी आमजन को जागरूक करेंगे कि वह सोशल मीडिया से लेकर बैंक का ऑनलाइन काम करते समय किन बातों का ध्यान रखें ताकि वह साइबर फ्रॉड के शिकार होने से बच सकें। साइबर फ्रॉड के बढ़ते हुए मामलों और क्राइम कंट्रोल को लेकर यह है आयोजित किया जा रहा है।

### सिहानी गेट हिंदी भवन से लेकर गोविंदपुरम पंचशील कॉलोनी में होगा नुक्कड़ नाटक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी है कि सिहानी गेट में हिंदी भवन लोहिया नगर में सुबह 11 से 11 :30 बजे तक,



तो कोतवाली नगर घंटाघर चौक, इंदिरापुरम के नॉर्थ इंडिया मॉल वैभव शिप्रा सनसिटी, इंदिरापुरम के हैबिटेट सेंटर, विजय नगर प्रताप ग्रैंड सिटी, मुरादनगर के काईट कॉलेज, तो वहीं कवि नगर स्थित पंचशील प्राइम रोज कॉलोनी गोविंदपुरम, साहिबाबाद में फ्लोरेंस सिटी सेंटर मोहन नगर, तो कौशांबी में शॉप्रिक्स मॉल सेक्टर 5 वैशाली और लिंक रोड में पैसिफिक मॉल साइट 4 साहिबाबाद थाना लिंक रोड में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा। इसमें अलग-अलग स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी लोगों को 10 स्थानों पर साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे।



" साइबर क्राइम कंट्रोल करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ताकि जन जागरूकता लाई जा सके। इसके लिए नुक्कड़ नाटक आयोजित कराए जा रहे हैं।

पीयूष कुमार, एडीसीपी क्राइम
पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

## शनिवार का दिन रहा निगम कार्यकारिणी चुनाव की रणनीति के नाम

### बागी हो जायेंगे राजी और रोमांचक होने जा रही है चुनाव की ये बाजी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव एक तो पहले ही निर्धारित समय से देरी से हो रहा है और उस पर सितम ये है कि चुनाव की राहें आसान नहीं है। यहां बिसात बिछ गई है और खिलाड़ी मोहरे बदल रहे हैं। पार्षदों ने ऐलान किया कि वो हर हाल में चुनाव लड़ेंगे और यहां दोनों ही पक्ष अपनी रणनीति को लगातार बदल रहे हैं। शनिवार का दिन निगम कार्यकारिणी चुनाव की रणनीति के नाम रहा। सूत्र बताते हैं कि निगम कार्यकारिणी चुनाव टलेगा नहीं और इसे कराया जायेगा। इसकी वजह ना तो पार्षद हैं और ना ही मेयर हैं। बल्कि इसकी वजह खर्चे का वो तकनीकी पेंच है जिसमें कार्यकारिणी चुनाव जरूरी है। शनिवार को कार्यकारिणी चुनाव के रण को लेकर मैदान बदलता रहा। पहले सूचना जारी हुई थी कि हिंदी भवन में चुनाव होगा। फिर ये मैदान बदला और पता चला कि घंटाघर के रामलीला मैदान के जानकी भवन में चुनाव होगा और उसके बाद इसे संशोधित किया गया और अब निगम कार्यकारिणी का चुनावी रण कविनगर रामलीला मैदान पर होगा।

#### हैवीवेट दांव की काट के लिए चला गया है दूसरा नाम

करंट क्राइम। अशोक नगर वाली मुलाकात के बाद एक नाम पर सहमति बनी। लेकिन सूत्र बताते हैं कि हैवीवेट सिफारिश के टक्कर पर इसी खेमे के दूसरे नाम को लाया गया है। पार्षद वीरेन्द्र त्यागी भी निगम कार्यकारिणी चुनाव का एक चेहरा हो सकते हैं। माना यही जा रहा है कि इस चेहरे को उस चेहरे की टक्कर पर लाया है जिन्हें नोटिस भेज गया है और सूत्र बताते हैं कि हैवीवेट के लिए ये दांव काटें से कांटा निकालने की एक नीति मानी जा रही है।

#### कांग्रेस के पार्षद सहित तीन आयेंगे निर्दलीय बनकर

करंट क्राइम। क्रास वोटिंग का खतरा बनाहुआ है और यहां बगावत की एक नई अदावत सामने आ गई है। सूत्र बताते हैं कि कांग्रेस के पार्षद प्रवीण कुमार मुलायम निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में आ सकते हैं। बसपा के टिकट पर जीती और बाद में निष्कासित शशि पवन गौतम का चेहरा भी निर्दलीय के रूप में आयेगा। वहीं पूर्व पार्षद जाकिर सैफी के परिवार की पार्षद महिला भी निर्दलीय पर्चा भरेगी। यहां एक बड़ी चर्चा अजय शर्मा का पर्चा भी निर्दलीय के रूप में आने की है। सूत्र बताते हैं कि चार निर्दलीय पार्षद मैदान में आयेगें। इनके भले ही दल हैं लेकिन ये खुद को निर्दलीय बतायेंगे।

#### क्या बागी हो गये हैं पार्टी रूल पर राजी

करंट क्राइम। शनिवार का दिन चुनावी रणनीति के नाम रहा और बताते हैं कि यहां पार्षदों ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। चार उम्मीदवार बागी आने के लिए तैयार और तीन पार्षद क्रास वोट करेंगे। लेकिन यहां वेलफेयर एसोसिशन की अपील कितना काम करेगी। ये देखने की बात है। क्योंकि भाजपा पार्षदों ने ये तय किया है कि वो पार्टी गाईड लाईन से अलग नहीं जायेंगे।

#### पार्षद करेंगे चुनाव से पहले मिनट्स बुक की डिमांड

करंट क्राइम। पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन ने चुनाव से पहले अपनी कोर कमेटी बनाई और इसमें ये तय हुआ कि 1 सितम्बर को चुनावी बोर्ड बैठक से पहले 30 जून की बैठक के मिनट्स की डिमांड की जायेगी और फिर कार्यवाही चलेगी।

#### 24 घंटे में कार्यकारिणी और एक हफ्ते में आयेगा डिप्टी मेयर

करंट क्राइम। आज यानी रविवार का दिन अहम है और सोमवार को चुनाव होना है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव भी होगा और चुनाव में पूरा रोमांच रहेगा। सूत्र बताते हैं कि चुनाव टाला नहीं जायेगा और यहां 24 घंटे के भीतर 6 कार्यकारिणी सदस्य निगम को मिलेंगे और उसके बाद निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष यानी डिप्टी मेयर के चुनाव में भी ज्यादा समय नहीं लगेगा। सूत्र बताते हैं कि कार्यकारिणी चुनाव के बाद एक हफ्ते से 10 दिन के भीतर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष भी चुन लिया जायेगा। इस नाम पर आम सहमति बनेगी और ये नाम तय समय के भीतर आ जायेगा।

# नए थानों के बनने की प्रक्रिया क्यों हो रही है लेट कमिश्नरेट में कहां रुक गई हैं निर्माण वाली फाइलें

## चार थानों की स्वीकृति होने के बाद भी मामला चल रहा है स्लो




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आबादी के अनुसार थानों की संख्या बढ़नी है।

थानों की संख्या बढ़ाने के लिए पूर्व में भी गाजियाबाद पुलिस द्वारा शासन स्तर पर कई पत्राचार किए गए हैं। तो प्रभारी मंत्री से लेकर डीजीपी तक को यहां थानों की संख्या बढ़ाने को लेकर पत्र भेजे जा चुके हैं। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थाना नीति खंड, हरनंदी नगर, गंग नहर और रावली के लिए जमीन चिन्हित कर ली गई थीं, पर यहां अभी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिसटम में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाला पुलिस मुख्यालय जो राजनगर एक्सटेंशन में बनना है, उसके लिए जमीन चिन्हित कर ली गई है, पर इसका भी निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है। उधर पुलिस वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि नक्शे को लेकर अभी सभी स्तर पर सहमति नहीं बन पाई है। तो वहीं डीपीआर को लेकर भी मामला अटका हुआ बताया जा रहा है।

### चार थानों की जमीन हो चुकी है चिह्नित, निर्माण कार्य शुरू होने का वेट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में थाना नीति खंड की जमीन पहले ही फाइनल हो चुकी थीं, पर यहां निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं कराया पा रहा है। तो वहीं साहिबाबाद से और नंदग्राम से कटकर हरनंदी नगर थाना बनना है। तो वहीं मुरादनगर में गंग नहर और रावली रोड थाने का निर्माण कार्य शुरू होना है। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। जिसे पूर्व जिलाअधिकारी स्तर से भी सहमति मिल गई है, पर अभी शासन स्तर पर भूमि का निरीक्षण और फाइनल अनुमति मिलना बाकी बताया जा रहा है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुराने थानों को आधुनिकरण स्कीम के तहत डेवलप किया जा रहा है, पर नए थानों की मांग भी तेजी से बनी हुई है।




### अभी वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक भी नहीं हुए हैं सिटी जोन में शामिल

करंट क्राइम : शासन स्तर पर क्रॉसिंग रिपब्लिक और वेव सिटी थाने को सिटी जोन में शामिल करने के लिए पत्राचार किया जा चुका है। जो अभी पूरा नहीं हो सका है। जिसकी वजह से वर्तमान में सिटी जोन के अंतर्गत केवल 6 ही थाने हैं। जिसमें कवि नगर, मधुबन बापूधाम, सिहानी गेट, नंदग्राम , घंटाघर कोतवाली और विजयनगर शामिल है जबकि यहां सिटी जोन में वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने को भी शामिल करने के लिए पूर्व में लखनऊ मुख्यालय को पत्राचार किया जा चुका है, पर अभी इसको लेकर कोई फाइनल आदेश पारित नहीं हो पाया है।




### प्रभारी मंत्री को दी गई थी दो साल पहले 45 नए थानों की डिमांड



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की स्थापना होने के कुछ समय बाद तात्कालिक पुलिस कमिश्नर द्वारा गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री और स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरुण जो कि खुद पुलिस विभाग के पूर्व अधिकारी व रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी हैं, उन्हें गाजियाबाद में 45 थानों की डिमांड का लैटर दिया गया था, जो उन्होंने लखनऊ भेजा था, वह प्रस्ताव भी अभी तक फाइनल नहीं हो पाया है।

# प्रदीप उर्फ बौना व जीतू पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई

## दोनों पर दर्ज हैं आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मुकदमे

## अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार चला रही है अभियान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस लगातार नए अभियान चला रही है। तो कार्रवाई भी कर रही है। इसी कड़ी में डीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल के निर्देश पर थाना सिहानी गेट पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश गृह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत दो वाहन चोरों पर मुकदमा की कार्रवाई के बाद गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया है कि प्रदीप उर्फ बौना निवासी गौतमबुद्ध नगर वर्तमान में डासना जेल और जीतू निवासी अलीगढ़ दोनों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया है कि दोनों बेहद शातिर वाहन चोर हैं और आरोपी प्रदीप उर्फ बौना पर सात मुकदमे दर्ज हैं, तो वहीं जीतू पर छह मुकदमे दर्ज हैं।

### गैंगस्टर एक्ट के तहत लगातार हो रही है सिटी जोन में कार्रवाई



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन में आईपीएस अधिकारी धवल जायसवाल के नेतृत्व में अलग-अलग थानाक्षेत्रों में पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। जिसके तहत घंटाघर कोतवाली, मधुबन बापूधाम, कवि नगर, सिहानी गेट, नंदग्राम और विजय नगर थानाक्षेत्र में अबतक कई लोगों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई है। तो बड़ी संख्या में लोगों को जिला बदर भी किया जा रहा है। यह पूरी प्रक्रिया अपराध नियंत्रण और कमिश्नरेट का माहौल सुधारने के लिए की जा रही है।

## संपादकीय

# सीखने की प्रक्रिया

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के नवीनतम समग्र मॉड्युलर शिक्षा सर्वेक्षण के नतीजों ने एक जाहिर तथ्य को रेखांकित किया है और वह यह कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था विफल हो रही है। यह हमारे जनसांख्यिकीय रुझानों को भी प्रभावित कर रहा है। सर्वेक्षण बताता है कि 2017-18 से शहरी और ग्रामीण इलाकों में सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति कम हुई है। ग्रामीण भारत में तो उपस्थिति में गिरावट चिंताजनक स्तर पर रही है। वहां सरकारी स्कूलों में उच्चतर माध्यमिक शिक्षा लेने वाले विद्यार्थी 68 फीसदी से घटकर 2025 में 58.9 फीसदी रह गए। शहरी इलाकों में कम गिरावट आई और यहां ऐसे विद्यार्थी 38.9 फीसदी से कम होकर 36.4 फीसदी रह गए। नए नामांकनों की बात करें तो उनमें भी सभी स्तरों पर भारी गिरावट आई है। प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर स्तर की बात करें तो प्राथमिक और माध्यमिक में तीव्र गिरावट आई है।

सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या इतनी तेजी से कम होने के बावजूद एक तथ्य यह भी है कि निजी शिक्षा भी कोई सस्ती नहीं है। सर्वेक्षण बताता है कि सरकारी स्कूलों में अभिभावकों द्वारा होने वाला शैक्षणिक व्यय, निजी स्कूलों में होने वाले खर्च की तुलना में बहुत मामूली होता है। ग्रामीण भारत में दोनों में सात गुने का अंतर है। विडंबना यह है कि कई प्रमाण बताते हैं कि निजी स्कूल भी बहुत स्तरीय शिक्षा नहीं प्रदान कर रहे हैं। सर्वे बताता है कि तकरीबन 27 फीसदी बच्चे निजी कोचिंग में पढ़ते हैं। इनमें 31 फीसदी शहरी और 25.5 फीसदी ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हैं। सरकारी से महंगी निजी शिक्षा की ओर इस स्थानांतरण को बढ़ती समृद्धि और छोटे परिवारों में इजाफे के रूप में भी देखा जा सकता है जिसके चलते अधिक भारतीय अपने बच्चों को उन निजी स्कूलों में भेज पा रहे हैं जो उनकी दृष्टि में अच्छे हैं। हालांकि बहुत से निजी स्कूल किताब, गणवेश और अन्य चीजों के बदले भी पैसे लेते हैं।

परंतु सरकारी स्कूलों की लगातार खस्ता होती हालत ने भी निजी स्कूलों का चयन किए जाने में अहम भूमिका निभाई है। बुनियादी समस्या जवाबदेही की कमी में है जिसके चलते अधोसंरचना कमजोर है और शिक्षण के मानकों में भी काफी अंतर है। शिक्षकों की गैरमौजूदगी के रूप में इसे भलीभांति महसूस किया जा सकता है। देश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का वेतन विकासशील देशों में तुलनात्मक रूप से सबसे बेहतर है। खासतौर पर छठे और सातवें वेतन आयोग के बाद इनमें काफी सुधार हुआ है। इसके बावजूद देशव्यापी सर्वेक्षण बताता है कि शिक्षकों की अनुपस्थिति 25 फीसदी तक और कुछ राज्यों में यह 46 फीसदी तक हो सकती है। एक ओर शिक्षक अपना काम नहीं कर रहे हैं तो वहीं सरकारी स्कूलों में बड़े पैमाने पर रिक्तियां समस्या को और बढ़ाती हैं। निजी स्कूलों में वेतन भत्ते सरकारी स्कूलों से कम होने के बावजूद वहां ऐसी समस्या नहीं है, जबकि वहां पेंशन या अन्य लाभ भी नहीं मिलते।

सरकारी और निजी शिक्षा में इस अंतर का नतीजा समाज में बढ़ती असमानता के रूप में सामने आ रहा है। जो लोग महंगे निजी स्कूलों की फीस चुका सकते हैं, वे अब वहां की ओर रुख कर रहे हैं। इसका मतलब यह है कि सरकारी शिक्षा प्रणाली, जो पहले से ही कई गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, अब केवल गरीब और हाशिए पर रहने वाले वर्गों तक सीमित रह जाएगी। ऐसे एक बेहद खराब प्रदर्शन करने वाले शिक्षा तंत्र से निकलने वाले छात्र बेहतर वेतन वाली नौकरियों व अवसरों से और दूर होते जाएंगे और न्यूनतम वेतन वाली नौकरियों में फंसे रहेंगे।

सरकारी शिक्षा एशियाई टाइगर्स कहलाने वाले देशों और चीन की सफलता की बुनियाद रही है। उससे दूरी बनाकर सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है।

# सोना 2100 रुपए बढ़कर 103670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

## चांदी की कीमतो में दिखी 1000 रुपये की नरमी

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी और रुपये में गिरावट के कारण शुक्रवार को दिल्ली में सोने की कीमत 2,100 रुपये की तेजी के साथ 1,03,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सरार्फा संघ ने इसकी पुष्टि की है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 1,01,570 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी शुक्रवार को 2,100 रुपए की तेजी के साथ 1,03,100 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए हाई पहुंच गई। इसकी कीमतों में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी दिखी। एक दिन पहले यह सोना 1,01,000 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.9 और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने ने 8 अगस्त को क्रमशः 1,03,420 रुपये और 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर को छुआ था। तब इनकी कीमतों में 800 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई थी। इससे पहले 7 अगस्त को सोने की कीमतों में 3,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी बढ़ोतरी हुई थी। कमजोर रुपये और विदेशी बाजार में सकारात्मक रुख के कारण घरेलू बाजार में सोने में तेजी दिखी और यह नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, भारतीय रुपया अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है, जिससे देश के सकल घरेलू उत्पाद पर 50 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को



लेकर चिंता बढ़ गई है।

शुक्रवार को रुपया पहली बार 88 के स्तर को पार कर गया और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.19 (अनंतिम) के सर्वकालिक निम्न स्तर पर बंद हुआ। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच रुपये में 61 पैसे की गिरावट दिखी। सप्ताह के दौरान सोने की कीमतों में 3,300 रुपये या 3.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस बीच, शुक्रवार को चांदी की कीमतें अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर से 1,000 रुपये घटकर 1,19,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। गुरुवार को चांदी की कीमत 1,20,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वायदा कारोबार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलीवरी के लिए सबसे अधिक कारोबार वाला सोना अनुबंध 713 रुपये या 0.70 प्रतिशत बढ़कर 1,02,813 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद दिसंबर डिलीवरी के लिए बहुमूल्य धातु की कीमत 702 रुपये या 0.68 प्रतिशत बढ़कर 1,03,849 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। इस महीने की शुरूआत में थोड़ी गिरावट के बाद सोना अब शुक्रवार को बढ़त के साथ कारोबार कर रहा है। चांदी अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। यह स्पष्ट रूप से हाल के सप्ताहों में सफेद धातु के लगातार बेहतर प्रदर्शन को दशार्ता है।

**वैश्विक बाजार में अनिश्चितता के कारण सरार्फा बाजार में तेजी :** ब्रोकरेज फर्म ट्रेडजिनी के मुख्य परिचालन अधिकारी त्रिवेश डी ने कहा, फेड गवर्नर की संभावित बर्खास्तगी और भारतीय उत्पादों पर भारी टैरिफ की घोषणा के कारण बढ़ी राजनीतिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी बढ़ी और इससे सरार्फा बाजार की कीमतों में तेजी आई। इसके अलावा, सितंबर डिलीवरी के लिए सबसे अधिक कारोबार वाला चांदी वायदा अनुबंध 651 रुपये बढ़कर 1,17,825 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

# बेल्जियम की अदालत ने चोकसी की जमानत याचिका खारिज की




**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 6300 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अपीलीय अदालत ने फिर खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह याचिका अदालत में उसके प्रत्यर्पण पर सुनवाई से ठीक पहले खारिज की गई है।

अधिकारियों के अनुसार, अदालत ने सीबीआई की ओर से बेल्जियम में अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। चोकसी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पहले भी कई न्यायालयों में अपील दायर कर चुका है। सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि यदि उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह किसी अन्य देश भाग सकता है।

सीबीआई ने बताया कि उनकी ओर से भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर चोकसी को अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन द्वारा उनकी पूर्व जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि चोकसी ने 22 अगस्त को एक और जमानत याचिका दायर की थी और घर पर ही नजरबंद रहने की पेशकश की थी, लेकिन अपीलीय अदालत ने इस सप्ताह के शुरू में इसे खारिज कर दिया।

गीतांजलि समूह के मालिक 66 वर्षीय चोकसी के प्रत्यर्पण मामले में बहस सितंबर के मध्य में बेल्जियम की एक अदालत में होगी। सीबीआई बेल्जियम अभियोजन पक्ष को उसके खिलाफ मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत वापस भेजने के लिए एक मजबूत मामला बनाने में सहायता करेगी। उन्होंने बताया कि चोकसी और उसका भतीजा नीरव मोदी पंजाब नेशनल बैंक में 13000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में वांछित हैं।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम संबंधों के मामले में दिन बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है। शॉपिंग पर जाने का प्लान बन सकता है और आप दोनों के बीच मतभेद होने की भी संभावना है।

**वृष:** आज का दिन आपके लिए यादगार रहेगा, जिसे आप लंबे समय तक अपने दिल में रखना चाहेंगे। प्रेमी के सामने आप कुछ ऐसी बातें मान सकते हैं।

**मिथुन:** प्रेम संबंधों को लेकर आप फिर से एक नई दिशा की ओर बढ़ेंगे। दोनों को प्यार के अलावा कुछ नहीं दिखाई दे रहा है। प्यार भरे पल बस और कुछ नहीं होंगे।

**कर्क:** प्रेम संबंधों पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। रिश्ता कब धीरे-धीरे नीरस हो गया है पता ही नहीं चलता। फिर रिश्तों में ऊर्जा का संचार करने की जरूरत है।

**सिंह:** लव-लाइफ को लाइफ में कंफर्टेबल बनाना चाहते हैं यानी उनमें किसी भी तरह का दुख-दर्द न हो, क्योंकि अब तक आप दोनों ने बहुत लंबा वक्त कराहते हुए बिताया है।

**कन्या:** प्रेमी से वाद-विवाद करने के योग बन रहे हैं, योग वास्तव में बनेगा या नहीं, यह आपके द्वारा बनाया जा सकता है। आपकी जुबान बहुत तेजी से आगे बढ़ रही होगी।

**तुला:** प्रेम-जीवन को लेकर आपके मन में प्रेमी के प्रति असंतोष का भाव रह सकता है। इस भावना को ठीक करने से पहले इसे समाप्त करना आवश्यक है।

**वृश्चिक:** वर्तमान संबंध को लेकर या प्रेमी को लेकर आप दुविधा में रह सकते हैं। भ्रम की स्थिति को दूर करने के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण आवश्यक है।

**धनु:** प्रेम संबंध ईश्वर द्वारा दिया गया एक पवित्र उपहार है जो आपको मिलता है। इस उपहार की देखभाल करना सीखें। अपने पार्टनर के प्रति संवेदनशील रहें।

**मकर:** आप बहुत जल्दबाजी में रहने वाले हैं, यानी जल्द ही आप किसी बात को लेकर नाराज होने वाले हैं। इससे रिश्ते में कई उतार-चढ़ाव आते हैं।

**कुंभ:** आप अपने प्रेमी के जीवन को लेकर कोई बड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं। आप लंबे समय से प्रेम संबंधों में बदलाव के बारे में सोच रहे होंगे।

**मीन:** आज की ग्रह स्थिति बताती है कि आप समझ नहीं पा रहे हैं कि प्रेम जीवन का मार्ग क्या है? आपको किस रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए।

## चुटकुले

टूटाराम खाली पेपर को बार-बार चूम रहा था।
फूटाराम - ये क्या है?
टूटाराम - लव लेटर है।
फूटाराम - मगर ये तो खाली है।
टूटाराम - आज कल बोलचाल बंद है।

बंता : तेरी बीवी मेरे कब्जे में है,
सबूत के तौर पर 1 अंगुली भेज रहा हूं.
बंता : मुझे तुम पर विश्वास नहीं है
गर्दन भेज गर्दन

वैज्ञानिक चाहे कितनी भी खोज कर ले,
लेकिन इस बात का पता कभी नहीं
लगा सकते की,
भारत में लोग उदास होने के बाद,
अपनी व्हाट्सअप डीपी क्यूँ हटा देते हैं।

# वैश्विक प्रदर्शनियों में भागीदारी के लिए निर्यातकों को 2500 करोड़ रुपए मिलने चाहिए, जीटीआरआई का सुझाव



**नई दिल्ली।** सरकार को बाजार पहुंच पहल (एमएआई) के तहत वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए निर्यातकों को 2,500 करोड़ रुपये आवंटित करने पर विचार करना चाहिए। एमएआई को इस वित्त वर्ष में कोई धनराशि नहीं मिली है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने निर्यात संवर्धन निधि में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए यह बात कही है। जीटीआरआई ने कहा कि निर्यातकों ने अप्रैल से अगस्त के बीच वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिए हैं।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले वर्षों में केवल 250 करोड़ रुपये के मामूली बजट के साथ, यह योजना 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ही बहुत छोटी थी। इसे सालाना 2,500 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ फिर से शुरू किया जाना चाहिए। इसमें कम से कम एक साल पहले धनराशि जारी की जानी चाहिए ताकि भारतीय फर्मों को वैश्विक मेलों में उच्च-दृश्यता वाले स्लॉट सुरक्षित करने का मौका मिल सके।

उन्होंने अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बीच निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को फिर से शुरू करने, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को तुरंत लागू करने और ई-कॉमर्स निर्यात केंद्रों की स्थापना का भी आह्वान किया।

इसके अलावा, श्रीवास्तव ने सीमा शुल्क निकासी में तेजी लाने, निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना के लाभों को पूर्वानुमानित बनाने और अग्रिम प्राधिकरण योजना को सरल बनाने की सिफारिश की।

उन्होंने कहा, विदेशी प्रदर्शनियों में भाग लेने में निर्यातकों की मदद करने वाले एमएआई को वित्त वर्ष 2025 में कोई धनराशि नहीं मिली है, जो दशकों में पहली ऐसी चूक है। नतीजतन, निर्यातकों ने अप्रैल और अगस्त के बीच महत्वपूर्ण अवसरों को गंवा दिया, और अगर बाद में धनराशि जारी भी की जाती है, तो 1-2 साल पहले बुक किए गए प्रमुख प्रदर्शनी स्थल अब उपलब्ध नहीं होंगे।

उन्होंने कहा कि अप्रैल 2025 से ब्याज समतुल्यीकरण योजना (आईईएस) के निलंबन से एमएसएमई निर्यातकों को उच्च वित्तपोषण लागत से जूझना पड़ रहा है, जबकि पहले इस योजना के तहत उन्हें 5-7 प्रतिशत कम ब्याज दर मिलती थी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अगर हम प्रकाश की गति से अपनी नजदीकी गैलैक्सी पर जाना चाहे तो हमें 20 साल लगेगें।
- अगर धरती का आकार एक मटर जितना कर दें तो बृहस्पति इससे 300 मीटर दूर होगा और प्लुटो 2.5 किलोमीटर। मगर प्लुटो आपको दिखेगा नही क्योंकि तब इसका आकार एक बैक्टीरिया जितना होगा।
- विश्व के विद्युत उत्पादन का एक तिहाई सिर्फ बल्बों के द्वारा प्रकाश पाने में खर्च होता है।
- अभी तक उल्का पिंड द्वारा सिर्फ एक ही बनावटी उपग्रह नष्ट किया गया है।
- जिराफ 24 घंटों में सिर्फ 20 मिनट ही सोते है। वे 2 घंटे तक भी सो सकते है पर ऐसा बहोत कम देखने को मिलता है।
- एक ब्लड सेल को शरीर का चक्कर लगाने में 60 सेकंड लगते है।
- घाव को तंग करने वाले कीड़े घाव को जल्दी भरते है और गैंग्रीन और दुसरे इन्फेक्शन को फैलने से रोकते है।
- हाथ मिलाने से जितने कीटाणु / जीवाणु नही फैलते उस से ज्यादा किस करने से फैलते है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट कराएंगे रोहित सहित छह खिलाड़ी, कोहली को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

**मुंबई।** रोहित शर्मा, शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, वाशिंगटन सुंदर, यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर बंगलूरू स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में सीजन से पहले फिटनेस टेस्ट कराएंगे। नया सीजन शुरू होने से पहले इन खिलाड़ियों का डेक्सा स्कैन होगा जो हड्डियों को परीक्षण के लिए उपयोग किया जाता है। इसके अलावा कुछ रक्त परीक्षण में कराए जाएंगे।



## सीओई पहुंचे गिल-रोहित

भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए सीओई पहुंच गए हैं। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं। फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं।

इस रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने इस रिपोर्ट के हवाले से कहा, सभी खिलाड़ियों को प्री-सीजन फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। यह अनुबंध के अनुसार अनिवार्य है। ये टेस्ट सीओई को यह समझने में मदद करते हैं कि खिलाड़ियों को किन क्षेत्रों में काम करना है या उनमें कहां कमी है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद ब्रेक था इसलिए खिलाड़ी घर में ही व्यायाम कर रहे थे।

रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं। इन दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है और अब इनके वनडे भविष्य को लेकर भी चचाओं का बाजार गर्म हो गया है क्योंकि वनडे प्रारूप का बड़ा इवेंट 2027 विश्व कप है जिसमें अभी समय है। हाल ही में खबर आई थी कि बीसीसीआई ने ने फिटनेस को लेकर बड़ा बदलाव किया है और अब अब ब्रोंको टेस्ट तेज गेंदबाजों के लिए अनिवार्य फिटनेस पैमाना बनेगा। यह पहल भारतीय टीम के स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच एड्रियन ले रूक्स के सुझाव पर लागू की गई है।

### ब्रोंको टेस्ट क्या है?

यह टेस्ट रग्बी से लिया गया है और खिलाड़ियों की एरोबिक क्षमता और रनिंग स्टैमिना को जांचने के लिए बनाया गया है। इसमें खिलाड़ी को एक सेट में 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर की शटल रन पूरी करनी होती है। कुल पांच सेट (1200 मीटर) लगातार यानी बिना रुके पूरे करने होते हैं और इसके लिए अधिकतम समय छह मिनट तय है। यह टेस्ट पहले से मौजूद यो-यो टेस्ट और दो किलोमीटर टाइम-ट्रायल के साथ मिलकर खिलाड़ियों की फिटनेस का मूल्यांकन करेगा।

# जापान के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने उतरेगी भारतीय पुरुष हॉकी टीम, विजयी लय बरकार रखने पर नजर

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशिया कप में अपना अभियान जीत के साथ शुरू किया था और अब रविवार को उसकी भिड़ंत जापान के खिलाफ होगी। भारत ने पहले मैच में चीन को मात दी थी, लेकिन उसका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा था। भारत ने चीन को 4-3 से हराया था, लेकिन उसका प्रदर्शन इतना प्रभावशाली नहीं रहा था। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम अब इसमें सुधार करना चाहेगी।



भारत इस टूनार्मेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूनार्मेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालिफाई करेगी। भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरूआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा। भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे। हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे।

# बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को 8-3 से हराकर सेमीफाइनल की उम्मीदें बरकरार रखीं

**ढाका।** एशिया कप पुरुष हॉकी टूनार्मेंट के पूल-बी में शनिवार को दर्शकों को गोलों की बरसात देखने को मिली। बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को 8-3 से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। दोनों टीमें पहला मुकाबला हार चुकी थीं, ऐसे में यह मैच 'करो या मरो' की स्थिति वाला था। टूनार्मेंट में अब तक खेले गए मुकाबलों में सबसे ज्यादा 11 गोल इसी मैच में बने। बांग्लादेश के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाते हुए चीनी ताइपे की रक्षा पंक्ति को लगातार भेद डाला।



## पहले हाफ में कांटे का मुकाबला

शुरूआत में मैच बराबरी का रहा। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया। दूसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों ने एक-एक गोल दागा और हाफ टाइम तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहा। तीसरे क्वार्टर में बांग्लादेश ने मैच का पूरा रुख बदल दिया। उन्होंने लगातार चार गोल दागकर चीनी ताइपे को बैकफुट पर धकेल दिया। चौथे क्वार्टर में भी बांग्लादेशी खिलाड़ियों का जलवा जारी रहा और दो और गोल दागकर स्कोर 8-3 कर दिया। इस बीच चीनी ताइपे केवल एक गोल ही कर सका।

## पेनल्टी कॉर्नर से मिला फायदा

बांग्लादेश की जीत की बड़ी वजह उनका पेनल्टी कॉर्नर रूपांतरण रहा। उन्होंने छह में से चार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। वहीं, चीनी ताइपे तीन में से दो मौकों पर गोल कर सका। बांग्लादेश की ओर से अशरफुल इस्लाम, रकीबुल हसन और मोहम्मद अब्दुल्लाह ने दो-दो गोल दागे। रेजाउल बाबू और शोहानुर शोबुज ने एक-एक गोल जोड़ा। मोहम्मद अब्दुल्लाह को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। चीनी ताइपे की ओर से शुंग यू शी ने दो और शुंग जेन शी ने एक गोल किया, लेकिन उनका प्रयास टीम को हार से नहीं बचा सका।

# यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने जोकोविच, नूरी को दी मात; राडुकानू हारीं



**सर्बिया।** 24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूनार्मेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी।

जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूनार्मेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूनार्मेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

महिला एकल वर्ग के मुकाबले में एलिना रायबकिना ने 2021 की चैंपियन एम्मा राडुकानू को शिकस्त दी। कजाखिस्तान की 2022 की विम्बलडन चैंपियन रिबाकिना ने 62 मिनट तक चले मुकाबले में ब्रिटेन की खिलाड़ी को 6-1, 6-2 से हराया। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिल रिबाकिना इसके साथ ही पहली बार यूएस ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहीं।

## चंद्रशेखर और प्रशांत की जोड़ी दूसरे दौर में

अनिरुद्ध चंद्रशेखर और विजय प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने क्रिश्चियन हैरिसन और इवान किंग की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को तीन सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। चंद्रशेखर और प्रशांत ने अपनी शानदार सर्विस के दम पर एक घंटे 42 मिनट में 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल की। चंद्रशेखर और प्रशांत का मुकाबला दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के जॉन-पैट्रिक स्मिथ और ब्राजील के फर्नांडो रोम्बोली से होगा।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पक्का किया पदक, पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में चिया-सोह को दी मात



**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार बैडमिंटन जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में भारत का पदक पक्का कर लिया है। सात्विक-चिराग ने पुरुष युगल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता जोड़ी मलयेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराया। भारतीय जोड़ी को पेरिस ओलंपिक में इसी जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया और 43 मिनट तक चले मैच में 21-12, 21-19 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

चिराग ने मैच के बाद कहा, काफी अच्छा लग रहा है, यह ओलंपिक मैच का रीकैप जैसा था और मुझे लगता है कि हमने वाकई बदला लिया। यह वही कोर्ट और वही एरेना था। एक साल बाद इसी जगह पर हमने ऐसा किया। उनके खिलाफ खेलना हमेशा खुशी की बात होती है। हमने हमेशा कुछ बहुत ही कड़े मुकाबले खेले हैं। बड़े से बड़े इवेंट में भी। आज जीत हासिल कर पाने की हमें बहुत खुशी है।

## सात्विक-चिराग ने बदला चुकता किया

सात्विक-चिराग की जोड़ी का यह इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में यह दूसरा पदक होगा। इससे पहले उन्होंने 2022 में कांस्य अपने नाम किया था। एशियाई खेलों की विजेता भारतीय जोड़ी का सामना अब 11वीं वरीयता प्राप्त चीन के चेन बो यांग और लियू यि से मुकाबला होगा। चिया और सोह की जोड़ी ने सात्विक-चिराग को इस साल सिंगापुर और चीन में हराया था और इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में भी हराकर उनका पदक जीतने का सपना तोड़ दिया था। हालांकि, विश्व चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी ने बदला चुकता किया।

चिराग ने ड्राइव-सर्व विनर से शुरूआत की और फिर 59 शॉट की रैली खेली जो मैच की सबसे लंबी रैली थी। इसके बाद उन्होंने अपने जोरदार मिड-कोर्ट स्मैश से भारत को 4-2 से आगे कर दिया। भारतीय जोड़ी ने लगातार छह अंक हासिल करके 9-3 की बढ़त बनाई। वह इंटरवल तक 11-5 से आगे थी। चिया और सोह ने 49 शॉट की एक और मैराथन रैली में सफलता हासिल की, लेकिन भारतीयों ने जल्द ही लय हासिल कर ली। भारतीय टीम ने 15-8 के स्कोर से ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया और फिर पहला गेम आसानी से अपने नाम किया।

सात्विक की तेज सर्विस तथा चिराग के तेज बैककोर्ट स्मैश की मदद से भारतीय जोड़ी ने दूसरे गेम में भी अच्छी शुरूआत की तथा जल्द ही 10-5 की बढ़त बना ली। सोह दबाव में गलतियां करते रहे, जिससे भारतीय टीम ने 17-12 की बढ़त बना ली। मलयेशिया की टीम ने इसके बाद अच्छा प्रदर्शन किया और 12-17 से वापसी की। चिराग के शानदार खेल के दम पर भारतीयों ने स्कोर 18-14 कर दिया। इसके बाद 15-19 के स्कोर पर एक और लंबी रैली हुई। अच्छे रिटर्न और फिर सात्विक का स्मैश नेट पर लगने से मलेशियाई टीम ने अंतर को 18-19 कर दिया। ऐसे समय में चिराग ने नेट पर मोर्चा संभाला और मैच प्वाइंट हासिल करके भारतीय जोड़ी को जीत दिलाई।

# रोहित-कोहली की दीवानगी, ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए 50 दिन पहले हाउसफुल हुए भारतीय फैन जोन

**नई दिल्ली।** भारतीय वनडे टीम के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के प्रति भारतीय प्रशंसकों की दीवानगी के किस्से आए दिन सुर्खियों में रहते हैं। फैंस उनकी एक झलक को हमेश बेताब रहते हैं। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद दोनों अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते नजर आएंगे। अक्तूबर में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी, जिसके जरिये रोहित और विराट आईपीएल के बाद एक बार फिर मैदान पर वापसी करेंगे।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस सीरीज से पहले शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज के लिए बनाए गए सभी आठ स्टेडियमों के भारतीय फैन जोन पूरी तरह बिक चुके हैं। यह बिक्री सीरीज शुरू होने से 50 दिन पहले ही पूरी हो गई, जो दोनों देशों के बीच मुकाबले को लेकर अपार उत्साह को दर्शाती है।



## सिडनी और कैनबरा के टिकट भी बिके

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यकारी महाप्रबंधक (इवेंट्स एंड ऑपरेशंस) जोएल मॉरिसन ने कहा, 'हम भारतीय फैन जोन के सभी टिकट बिक जाने से बेहद उत्साहित हैं। यह सीरीज को लेकर बढ़ते उत्साह और क्रिकेट के प्रति दर्शकों के जुनून को दिखाता है। हमें स्टेडियम में शानदार माहौल और मैदान पर उच्च स्तरीय क्रिकेट मुकाबले की उम्मीद है।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि भारतीय फैन जोन के साथ-साथ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड और कैनबरा के मैनुका ओवल के पब्लिक टिकट भी पूरी तरह बिक चुके हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के लिए खेला था आखिरी मैच

रोहित और कोहली ने भारत के लिए आखिरी टूनार्मेंट दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी खेला था जहां कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में शतक लगाया था, जबकि रोहित ने फाइनल में अर्धशतक जड़ा था। हालांकि, इन दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी के बाद आईपीएल में हिस्सा लिया और तब से वे प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेले हैं। कोहली और रोहित के नाम वनडे में संयुक्त रूप से 83 शतक और 25000 से ज्यादा रन है। भारतीय क्रिकेट में इस बात की चर्चा है कि अक्तूबर 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक रोहित 40 और कोहली 39 साल के हो जाएंगे। ऐसे में क्या ये दोनों दिग्गज तब तक टिके रह पाएंगे?

# दिल्ली की सीएम का बड़ा एलान, अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं के लिए 'सर्वोच्च नकद पुरस्कार'

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए 'सबसे अधिक नकद पुरस्कार' की घोषणा की है। उन्होंने कहा, 'खेलों में सिर्फ पदक और ट्रॉफी ही नहीं जीती जातीं, बल्कि जीवन भर के लिए सम्मान भी मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले किसी भी सरकार में खेलों पर इतना ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने देश भर में खेलों का परिदृश्य पूरी तरह से बदल दिया है।'



## पदक विजेताओं पर होगी नोटों की बारिश

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः सात करोड़ रुपये, पांच करोड़ रुपये और तीन करोड़ रुपये का पुरस्कार देगी। राष्ट्रमंडल खेलों के लिए यह पुरस्कार क्रमशः तीन करोड़ रुपये, दो करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये होगा। उन्होंने कहा, 'ऐसे पुरस्कारों के साथ-साथ हमने अपने खिलाड़ियों के लिए रोजगार की सुरक्षा भी सुनिश्चित की है। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है, तो 140 करोड़ भारतीयों को गर्व होता है। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में खेलों को सराहा जाता है और उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है। यह नया भारत है, जहां हमारे खिलाड़ियों के लिए हर सुविधा सुनिश्चित की जाती है।'

# दिल्ली प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मैच में विवाद, आपस में भिड़े खिलाड़ी; नीतीश-दिग्वेश में भी हुई कहासुनी

**नई दिल्ली।** वेस्ट दिल्ली लायंस और साउथ दिल्ली सुपरस्टार के बीच शुक्रवार को खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एलिमिनेटर मैच में विवाद हो गया। इस मैच को वेस्ट दिल्ली सात विकेट से अपने नाम किया जिसमें कप्तान नीतीश राणा का योगदान अहम रहा। नीतीश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाया और अपनी टीम को क्वालिफायर-2 मुकाबले का टिकट दिलवाया। हालांकि, इस मैच में हुए विवाद ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल, वेस्ट दिल्ली के बल्लेबाज कृष यादव की साउथ दिल्ली के कुछ खिलाड़ियों के साथ कहासुनी हो गई थी।



यह घटना वेस्ट दिल्ली की पारी के 11वें ओवर में घटी जब कृष ने अमन भारती की गेंद पर शॉट लगाया, लेकिन अमनोल शर्मा ने कैच लेकर उनकी पारी का अंत कर दिया। जब कृष पवेलियन की ओर लौटने लगे तो अमन ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया और कृष को कुछ कहने लगे। इसके बाद कृष उनकी तरफ बढ़े और कुछ कहने लगे जिसके बाद विवाद बढ़ गया। साउथ दिल्ली के खिलाड़ी सुमित माथुर भी इस विवाद में कूद पड़े और कहासुनी बढ़ गई। स्थिति को शांत कराने के लिए नीतीश राणा और एक महिला अंपायर ने हस्तक्षेप किया तथा कहासुनी कर रहे खिलाड़ियों को अलग किया। नीतीश ने सुमित के कंधे पर हाथ रखा और उन्हें अलग ले गए, जबकि महिला अंपायर ने कृष को डगआउट की ओर भेजा। वहीं, नीतीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच भी तीखी कहासुनी हुई थी।

# बंगलूरू भगदड़ हादसे के पीड़ित परिवारों की मदद करेगा आरसीबी केयर्स, प्रत्येक परिवार को देगा 25 लाख रुपये

**मुंबई।** आरसीबी केयर्स ने आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की जीत के जश्न के दौरान बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के पीड़ित परिवार के लिए मदद का एलान किया है। आरसीबी केयर्स भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक प्रशंसकों के परिजनों को 25 लाख रुपये देगा। आरसीबी ने शनिवार को पीड़ित परिवारों के लिए मदद की घोषणा की है।





## गम में बदला था जीत का जश्न

आरसीबी ने आईपीएल 2025 फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता था। आरसीबी के 18 सत्र के इंतजार के बाद पहले आईपीएल खिताब जीतने से शहर में जश्न का माहौल था, लेकिन जल्द ही यह गम में बदल गया था। चार जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर करीब दो लाख प्रशंसक जुटे थे जिन पर पुलिस नियंत्रण नहीं सकी। इससे अफरा तफरी फैल गई जिससे 10 से अधिक प्रशंसकों की मौत हो गई, जबकि कई फैंस घायल हो गए थे।

फ्रेंचाइजी ने कहा कि वित्तीय सहायता उसकी नई पहल आरसीबी केयर्स के तहत दी जा रही है। आरसीबी ने इससे पहले, हादसे में मारे गए प्रशंसकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की थी। आरसीबी ने एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, 4 जून, 2025 को हमारा दिल टूट गया। हमने आरसीबी परिवार के ग्यारह सदस्यों को खो दिया। वे हमारा हिस्सा थे। हमारे शहर, हमारे समुदाय और हमारी टीम को अद्वितीय बनाने वाली चीजों का हिस्सा। उनकी अनुपस्थिति हम सभी की यादों में हमेशा रहेगी। कोई भी मदद उनकी जगह को कभी नहीं भर सकती, लेकिन सम्मान के साथ आरसीबी उनके परिवारों को 25-25 लाख रुपये की सहायता देने का एलान कर रहा है।

### आरसीबी ने सोशल मीडिया पर तोड़ी थी चुप्पी

इससे पहले, आरसीबी की आखिरकार सोशल मीडिया पर वापसी हुई थी और उसने बंगलूरू हादसे पर चुप्पी तोड़ी थी। टीम ने एक आधिकारिक संदेश जारी कर साफ किया था कि उनकी चुप्पी को अनुपस्थिति न समझा जाए। आरसीबी ने अपने बयान में कहा था कि उनकी चुप्पी दरअसल पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति मौन समर्थन का प्रतीक थी। फ्रेंचाइजी ने स्पष्ट किया कि ऐसे कठिन समय में उनका उद्देश्य सोशल मीडिया पर हल्के-फुल्के पोस्ट करने के बजाय गंभीरता और संवेदनशीलता बनाए रखना था।

# 200 महिलाओं से लूट करने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने दौड़ाकर पैर में गोली मारी, बाइक से झपट लेता था कुंडल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में शनिवार सुबह एक एनकाउंटर के बाद पुलिस ने दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया। इनमें से एक बदमाश जोगिंदर उर्फ जोगेंद्र बली को पैर में गोली लगने के बाद घायल अवस्था में पकड़ा गया। जोगिंदर बागपत जिले का निवासी है और एनसीआर क्षेत्र का सबसे बड़ा लुटेरा माना जा रहा है। उसके खिलाफ लूट और चोरी के 30 से अधिक मामले दर्ज हैं।

शनिवार सुबह शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र की टीम एसीपी अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में डीएवी कट के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। उसी दौरान बाइक पर दो संदिग्ध युवक लोहिया पार्क की तरफ से आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए टॉर्च की रोशनी मारी, लेकिन दोनों नहीं रुके और बाइक की गति बढ़ाकर बीएसएनएल ऑफिस की ओर भागने लगे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस पर पिस्टल से कई राउंड फायर किए। पुलिस ने पीछा किया और बारिश के कारण सड़क पर पानी भरे होने से बदमाशों की बाइक फिसल गई। दोनों बदमाश पैदल भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे घायल अवस्था में मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे बदमाश को गली में घेरकर पकड़ा गया। पकड़े गए बदमाशों में से एक ने अपना नाम कल्लू उर्फ कृष्ण निवासी गाजियाबाद बताया। घायल बदमाश की पहचान जोगिंदर उर्फ जोगेंद्र बली निवासी गांव बली थाना बागपत के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से एक बाइक, एक पिस्टल और चार कारतूस बरामद किए हैं।

### 46 साल का है अपराधी जोगिंदर बली

एडिशनल पुलिस कमिश्नर आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि जोगिंदर बली 46 साल का है और बेहद शातिर अपराधी है। वह इतने एक्सपर्ट तरीके से लूट करता था कि एक हाथ से 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बाइक चलाते हुए दूसरे हाथ से महिलाओं के कानों से कुंडल और गले से चेन झपट लेता था।

# खोड़ा नगर पालिका में भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शनिवार को नगर पालिका खोड़ा पर भ्रष्टाचार के आप को लेकर भाजपायों ने जिला अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया। पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि पालिका में कई अधिकारी अपने पदों का दुरुपयोग कर विभिन्न मदों में गंभीर अनियमितताएँ की जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया है, वर्ष 2024-25 में उसी कार्य पर चार गुना अधिक खर्च दिखाया गया है। जबकि काम और परिस्थितियाँ लगभग समान थीं। यह साफ तौर पर गंभीर वित्तीय अनियमितता का संकेत है, जिसकी जाँच आवश्यक है। सरकारी वाहनों में डीजल भरवाने के नाम पर लाखों रुपये की हेराफेरी। उपभोक्ताओं से वसूले गए शुल्क का पूरा पैसा शासकीय कोष में जमा नहीं किया गया।

संपत्ति एवं वाहन घोटाला, करोड़ों की संपत्तियों और वाहनों का रखरखाव न कर उन्हें अनुपयोगी बना, नए वाहनों की खरीद से पालिका निधि का दुरुपयोग। वही शिकायत करने वाले पदाधिकारी एवं नेता भाजपा नेता योगेश भाटी, घनश्याम तिवारी, मंडल अध्यक्ष पंकज वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र राय, नागेंद्र चौहान, मुकेश गिरी, बलवीर चौहान, सभासद रजनीश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की जाँच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

# गाजियाबाद में चलाया गया भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान, दो बच्चे रेस्क्यू





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेश और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में जनपद में भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान चलाया गया।

संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए इस अभियान के दौरान बाल भिक्षावृत्ति रेस्क्यू अभियान के तहत दो बच्चों को भिक्षावृत्ति से मुक्त कर सुरक्षित किया गया। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सीडब्ल्यूएस के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत उनके पुनर्वास की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है, ताकि उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में जीवन जीने का अवसर मिल सके।

इस अभियान में संरक्षण अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला बाल संरक्षण इकाई गाजियाबाद, श्रम परिवर्तन अधिकारी हंसराज, एएसटीयू थाना से उपनिरीक्षक कृष्णपाल, महिला हेड कांस्टेबल सुमन, कांस्टेबल नेहा, हेड कांस्टेबल मुनिन्द्र मोहन शर्मा तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 से सुपरवाइजर संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रम, भिक्षावृत्ति या बच्चों के शोषण से संबंधित प्रकरण दिखाई दे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 या नजदीकी थाने को सूचित करें।

## गणपति महोत्सव







गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिल्ली गेट युवा मित्र मंडल द्वारा आयोजित गणपति चतुर्थ महोत्सव में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, एसीपी रितेश त्रिपाठी दिल्ली गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष तथा एयरपोर्ट एडवाईजरी समिति के सदस्य संजीव मित्तल, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले और क्षेत्रीय पार्षद और राजीव शर्मा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहित मित्तल, दीपक कौशिक, अनुभव शर्मा, संदीप, आकश, मोहक, पारस मौजूद रहे।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने महुआ मोइत्रा के बयान पर कार्रवाई की माँग की



**लोनी करंट क्राइम।** लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। विधायक ने इस मामले में लोनी कोतवाली में तहरीर देकर महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) सहित भारतीय दंड संहिता और आईटी एक्ट की कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की माँग की है। तहरीर में विधायक ने कहा है कि सांसद द्वारा दिया गया यह बयान न केवल देश के उच्च संवैधानिक पद की गरिमा को आहत करता है, बल्कि इससे आंतरिक शांति और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी ठेस पहुँचती है। उन्होंने इसे समाज में तनाव और अशांति फैलाने वाला करार देते हुए कठोर कार्रवाई की आवश्यकता बताई है।

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताते हुए कहा कि इस प्रकार के वक्तव्य देश की एकता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा हैं।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार एस. पी. सिंह का जन्मदिन, शुभचिंतकों ने दी बधाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एस. पी. सिंह को उनके जन्मदिन के अवसर पर उनके शुभचिंतकों और सिख समुदाय के प्रमुख सदस्यों ने बधाई दी। इस मौके पर उनके आवास पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहाँ उन्हें सरोपा और फूलों का गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर, गुरुद्वारा जी ब्लॉक के अध्यक्ष रविंदर सिंह जॉली, ज्ञानी राजेंद्र सिंह, रामगढ़िया सिख समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सोहल, गुरुद्वारा दशमेश दरबार, प्रताप विहार के संरक्षक हरप्रीत सिंह जग्गी एडवोकेट, और युवा समाजसेवी गगन सिंह अरोड़ा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सभी ने सरदार एस. पी. सिंह और उनकी धर्मपत्नी सतनाम कौर को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएँ दीं।

सरदार एस. पी. सिंह ने सभी हितैषियों का आभार व्यक्त किया और समाज के प्रति अपनी सेवा जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस कार्यक्रम ने समाज में उनके योगदान और सम्मान को एक बार फिर से रेखांकित किया।

# कौशांबी के पंचमणि टावर में गणेश पूजा के दौरान राम कथा का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित पंचमणि टावर में गणेश पूजा के दौरान राम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कथावाचक पंडित सुरेंद्र त्रिवेदी महाराज ने भगवान राम के विषय में बता रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, समाजसेवी कारवां के जनरल सेक्रेटरी विनय महेश्वरी और अन्य प्रमुख लोग शामिल थे। कथावाचन ने राम कथा हमें भगवान राम के जीवन और उनके आदर्शों के बारे में बताती है, जो हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। इस कथा के माध्यम से हम भगवान राम के गुणों और उनके कार्यों के बारे में जानते हैं और अपने जीवन में उनका अनुसरण करने का प्रयास करते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल थे। इनमें पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल, समाजसेवी कारवां के जनरल सेक्रेटरी विनय महेश्वरी, शिशिर परितोष, शिवकुमार गुप्ता, नवीन माथुर, अमित झा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।




# क्यों खाली हैं सिटी की दो खास चौकी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन में लिस्ट ना आने का बड़ी संख्या में टू-स्टारों की ओर से वेट किया जा रहा है। तो चौकी खाली रहने की वजह से थानों के प्रभारी भी इंतजार में हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले दो खास स्थानों की खास चौकी बीते लंबे समय से खाली चल रही हैं। एक चौकी तो उस इलाके की है जिसे बेहद महत्वपूर्ण और रेस्टोरेंट का हब बताया जाता है। तो दूसरा वह इलाका है जो गाजियाबाद की पहचान और सबसे बड़े बस अड्डे के निकट की है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि एक चौकी लगभग 20 से अधिक दिनों से खाली चल रही है। तो दूसरी वाली को भी सप्ताह भर से ज्यादा का समय हो चुका है। दोनों ही खास चौकी पर उनके दूसरे कर्मचारी संभाल रहे हैं। पर दोनों ही सीट पर टू-स्टार बतौर चौकी प्रभारी पोस्ट नहीं किए जा रहे हैं। जो काम देख रहे हैं उनको यहां तैनाती नहीं दी गई है। अब सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सिटी जोन के अंतर्गत बेहतर और काबिल टू-स्टार कम हो गए हैं या मामला कुछ और है। वैसे तो यहां वाले साहब जिले दमदार तरीके से चला कर आए हैं, पर कमिश्नरेट वाला सिस्टम शायद उनको थोड़ा नया-नया लग रहा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि कई टू-स्टार खास चौकी पर नजर बनाए हुए हैं, पर उनकी सेटिंग नहीं बन पा रही है। अब देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सिटी जोन में इन दो चौकियों के लिए कब उपयुक्त टू-स्टार मिलते हैं। किसे मौका दिया जाता है और कौन मौके पर चौका मारा जाता है। बताया जा रहा है कि जितनी ज्यादा लिस्ट देहात वाले और नदियापार वाले जोन में आई है, उतनी सिटी वाले जोन में नहीं आ रही हैं। इसके पीछे की वजह की चर्चा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कई कार्यालयों में भी बीते दिनों सुनाई दी थी। उधर सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि वर्तमान वाले सिटी जोन में अभी किसी भी चौकी पर 23 वाले बैच को मौका नहीं मिला है जबकि देहात में भरमार है। तो नदियापार में भी खाता खुल चुका है, पर सिटी जोन के लिए अभी राइट फेस नहीं मिलने की जानकारी मिल रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि बेहद खास माने जाने वाली दोनों चौकियों पर तैनाती किसकी होती है और कब तक की जाती है।




# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में 'क्रियो-2025' का समापन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आयोजित अंतर-विद्यालयीय सांस्कृतिक उत्सव 'क्रियो-2025' का समापन शनिवार को हुआ। तीन दिनों तक चले इस समारोह में लगभग 65 स्कूलों के 600 छात्रों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का तीसरा दिन भरतनाट्यम नृत्य की प्रस्तुति से शुरू हुआ। स्कूल की एग्जीक्यूटिव हेड, सुसैन होम्स ने बताया कि 'क्रियो-2025' ने छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता दिखाने का मंच दिया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों की सराहना भी की।



**विजेताः संयुक्त विजेताः** नेहरू वर्ल्ड स्कूल (मेजबान) और डी.एल.एफ. पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद। मेजबान होने के नाते, नेहरू वर्ल्ड स्कूल ने चल-वैजयंती ट्रॉफी डी.एल.एफ. पब्लिक स्कूल को दी, जिससे दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

**द्वितीय स्थानः** वनस्थली पब्लिक स्कूल।

**तृतीय स्थानः** एपीजे स्कूल, नोएडा।

समापनः स्कूल की प्रधानाचार्या मंजुला सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों के मिले-जुले प्रयासों से शिक्षा को बढ़ावा देते हैं। अंत में, विजेता स्कूलों को ट्रॉफी देकर समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# भारत विकास परिषद ने जेकेजी इटरनेशनल स्कूल में कराई राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारत विकास परिषद संकल्प शाखा इन्दिरापुरम द्वारा संयुक्त रूप से समूहगान प्रतियोगिता एव गुरु वंदन छात्र अभिनंदन जेकेजी इटरनेशनल स्कूल में आयोजित की। इस अवसर पर 12 स्कूलो के बच्चों ने राष्ट्रीय ओत प्रोत गीत भारत विकास परिषद समूहगान पुस्तिका चेतना के स्वर से चयनित हिन्दी, संस्कृत गीत चुन उन पर अपनी संगीत घुन वाघ यंत्रो में समहित कर राष्ट्रीय ओतप्रोत के गीत समूहगान रूप में गाऐ गए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित एवं वंदे मातरम एवं गणपति स्तुति नृत्य करके हुई।

बच्चों द्वारा समूहगान रूप में चयनित गीत भारत वंदे मातरम, जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान, घरती की शान तू है आदि गीतों ने हाल को तालीयो से गूंजायमान कर दिया। प्रथम पुरस्कार जेकेजी विजयनगर, द्वितीय जेकेजी इंटरनैशनल इन्दिरापुरम, तृतीय पुरस्कार सेट एनरडूयज स्कूल इन्दिरापुरम, चतुर्थ पुरस्कार इन्दिरापुरम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्राप्त किया।

गुरु वंदन छात्र अभिनंदन स्कूल प्रबंधकों द्वारा चयनित सर्वश्रेष्ठ छात्र/छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं का अभिनंदन कर उनको अपना श्रैष्ठतम प्रदर्शन करते रहने के लिए उत्साहवर्धन श्री पवन गौतम राष्ट्रीय संस्कार कार्यकारिणी सदस्य ने किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रूप में जेकजी स्कूल गुप्र चैयरमेन जेके गौड़ रहे। उन्होंने इस प्रतियोगिता का महत्व बताते हूं स्वयं 35 सालो से इस कार्यक्रम में जुड़े रहने की बात की।

क्षेत्रीय महासचिव राजीव गोयल ने शाखा के संयुक्त प्रयास की सराहना की क्षेत्रीय संयोजिका महिला सहभागिता इंदू वार्ष्णेय ने बच्चों को गीत के माध्यम से दें रहे संस्कारों का महत्व बताया प्रांतीय अध्यक्ष कवित बंसल समूहगान प्रभारी निघि गोयल ने समूहगान के नियमो की जानकारी दी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त संगीत कार अजय झा प्रसिद्ध भजन गायक रजत मित्तल ऊतरप्रदेश संस्कृति मंत्रालय से पुरस्कृत सूश्री दामिनी गुप्ता ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

# नोएडा में छात्रा नोरा बेनीवाल ने बालिका महाविद्यालय के लिए पुस्तकालय हेतु जुटाए 1.05 लाख रुपये



**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा गोल्फ कोर्स में एक विशेष फंडरेजर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य शामली जनपद के माँ सरस्वती बालिका महाविद्यालय, उन्‍में पहली बार एक पुस्तकालय की स्थापना करना था। यह पहल कक्षा 12 की छात्रा नोरा बेनीवाल (जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा) ने की।

लगभग एक माह की तैयारी और मेहनत के बाद हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया। फंडरेजर के माध्यम से कुल 1,05,111/- रुपए की राशि एकत्र हुई है। इस पुस्तकालय को 'विद्या' नाम देने की योजना है, जो सिर्फ किताबों तक सीमित न होकर छात्राओं के लिए ज्ञान, बुद्धि और शिक्षा का केंद्र बनेगा।

नोरा ने बताया कि माँ सरस्वती बालिका महाविद्यालय में 800 से अधिक छात्राएँ हैं, लेकिन स्थापना से अब तक वहाँ पुस्तकालय नहीं था। इस कमी को दूर करने और छात्राओं को पठन-पाठन का माहौल देने के लिए यह पहल की गई है। नोरा की उड़ान परियोजना पहले से ही छात्राओं के लिए मेंटॉरशिप और करियर मार्गदर्शन का काम कर रही है। अब विद्या पुस्तकालय उनकी शिक्षा और विकास में नई दिशा जोड़ेगा।

# इंदिरापुरम में मनाया गया भगवान महावीर का पर्युषण महापर्व



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद इंदिरापुरम के नीति खंड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व मनाया जा रहा है। प्रतिदिन भगवान का अभिषेक, शांति धारा एवं 10 लक्षण श्रद्धा पूर्वक आयोजित किया जा रहा है।

मंदिर समिति के अध्यक्ष अभिनव जैन ने बताया कि शाम को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन महिला जैन मिलन इंदिरापुरम की ओर से रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष अर्चना जैन, मंत्री मोनिका जैन एवं अन्य महिला सदस्यों ने महावीर वंदना प्रस्तुत की। दूसरे दिन उत्तम मार्दव को समर्पित कार्यक्रम में अहंकार को त्याग करने और विनम्र जीवन जीने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर पोशाक अध्यक्ष संजय जैन प्रचार मंत्री अनंत जैन विनय जैन सुधीर जैन विजय जैन आदि उपस्थित थे।

# तिबड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी की मांगःमोदीनगर में कांग्रेस कार्यकताओं ने किया एसडीएम कार्यालय का घेराव



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर में शहर कांग्रेस कमेटी ने तिबड़ा रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवर ब्रिज (फ्ढइ) की मांग को लेकर तहसील में प्रदर्शन किया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और धरना दिया। किसान कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव और पीसीसी सदस्य सुनील शर्मा ने स्थिति स्पष्ट की। तिबड़ा रोड पर प्रतिदिन तीन घंटे जाम की स्थिति बनी रहती है। वहां ट्रैफिक पुलिस और रेलवे पुलिस की तैनाती नहीं है। आसपास के दुकानदारों के अतिक्रमण ने समस्या को और बढ़ा दिया है। शहर अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन ने तहसीलदार को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। इस फाटक से हजारों लोगों का आवागमन होता है। यह क्षेत्र की आबादी और दर्जनों गांवों का मुख्य मार्ग है। उन्होंने अतिक्रमण हटाने और रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण की मांग रखी। प्रदर्शन में चांद वीर चौधरी, अमित त्यागी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कल्पना सिंह, जहूर अहमद और विशाल कौशिक सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के अभिभावकों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह शिविर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक चला। इस नेक पहल का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करने में योगदान देना था। शिविर में आए सभी रक्तदाताओं की सुविधा के लिए लाइफ लाइन ब्लड सेंटर की टीम मौजूद थी, जिन्होंने रक्तदान से पहले सभी का सामान्य स्वास्थ्य और रक्त जांच भी किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पैरेंट्स-टीचर मीटिंग के लिए आए अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह पहल और भी सार्थक हो गई। स्कूल के सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों ने भी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दिया। स्कूल प्रबंधन ने इस सफल आयोजन पर सभी रक्तदाताओं और लाइफ लाइन ब्लड सेंटर का आभार व्यक्त किया। यह रक्तदान शिविर न केवल जीवन बचाने का एक प्रयास था, बल्कि इसने समाज में एकजुटता और सेवा भाव का भी संदेश दिया।

# लाहौर से मुल्तान तक तबाही : पंजाब प्रांत में 70 साल बाद आई भयानाक बाढ़, 30 की मौत और लाखों बेघर

**इस्लामाबाद ।** शनिवार सुबह से हो रही मूसलधार बारिश ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। मौसम विभाग ने दो सितंबर तक और तेज बारिश की चेतावनी दी है। पंजाब प्रांत के करीब 1,700 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें सिखों का पवित्र स्थल करतारपुर भी शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के मुताबिक, 26 जून से शुरू हुए मानसून में अब तक देशभर में 842 लोगों की जान जा चुकी है।



**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आई भयानक बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी है। बीते 24 घंटे में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है जबकि लाखों लोग बेघर हो गए हैं। हालात इतने बिगड़ गए कि प्रशासन को कई जगह बांध तोड़ने के लिए विस्फोटक तक इस्तेमाल करना पड़ा ताकि बड़े शहरों को बाढ़ से बचाया जा सके**

### लाखों लोग बेघर, हजारों गांव डूबे

पंजाब की वरिष्ठ मंत्री मरियम औरंगजेब ने बताया कि पिछले 24 घंटे में 30 लोगों की जान गई है। करीब 15 लाख लोग बेघर हो गए हैं। अब तक 5 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। लगभग 2,000 गांव डूब गए हैं और हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो गई है। प्रशासन ने मंडी बहाउद्दीन, चिनीओट और झंग समेत कई इलाकों में सात जगह बांध तोड़ने के लिए विस्फोटक का इस्तेमाल किया। जानकारी के मुताबिक, केवल चिनाब नदी से 1,169 गांव प्रभावित हुए हैं। रावी नदी से 462 गांव और सतलुज से 391 गांव डूबे हैं। पूरे प्रांत में 351 राहत व मेडिकल कैंप चलाए जा रहे हैं। लाहौर में करीब 40 साल बाद दो दर्जन कॉलोनियां पानी में डूब गईं। वहीं, मुल्तान शहर पर बाढ़ का बड़ा खतरा मंडरा रहा है क्योंकि चिनाब नदी में अगले 24 घंटे में 8 लाख क्यूसेक का पानी आने की आशंका जताई गई है।

### 1955 जैसी स्थिति, प्रशासन अलर्ट

एनडीएमए ने चिनाब, रावी और सतलुज नदियों में बाढ़ की चेतावनी जारी की है। खासकर सतलुज नदी में 1955 जैसी स्थिति बन रही है। कसूर जिले में खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने इसे सबसे भयानक बाढ़ बताया और कहा है कि मानसून का नौवां दौर दो सितंबर तक जारी रहेगा। राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

# इस्राइली-फलस्तीनी प्रदर्शनकारियों ने एक साथ निकाली शांति रैली

**तेल अवीव ।** इस्राइल और फलस्तीन के बीच जारी युद्ध की भयावहता ने एक बार फिर पत्रकारिता की स्वतंत्रता और मानवता पर गहरी चोट की है। नाजरेथ की सड़कों पर शुक्रवार को इस्राइली और फलस्तीनी कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। उन्होंने पत्रकारों की पहचान वाले ह्यप्रेसह्ल स्टिकर पहनकर गाजा में शांति की अपील की। प्रदर्शनकारियों का संदेश साफ था कि पत्रकारिता अपराध नहीं है। इस रैली में कई लोग उन पत्रकारों की तस्वीरें लिए खड़े थे, जिन्हें इस संघर्ष में अपनी जान गंवानी पड़ी। नाजरेथ की इस रैली में लोगों ने बैनर उठाए, जिन पर लिखा था कि सच का कत्ल मत करो। कुछ प्रदर्शनकारियों ने खाली बर्तनों को बजाकर गाजा में भुखमरी और पत्रकारों की हत्या का विरोध जताया। गाजा युद्ध में अब तक करीब 200 पत्रकारों की मौत हो चुकी है। इन्हीं में 33 वर्षीय मरियम दग्गा भी थीं, जो एसोसिएटेड प्रेस के लिए फ्रीलांस करती थीं। इस हफ्ते खान यूनिस के नासेर अस्पताल पर इस्राइली हमले में वे चार अन्य पत्रकारों और 17 लोगों के साथ मारी गईं। मरियम दग्गा की कहानी मरियम उन पत्रकारों में थीं जो युद्ध के दौरान नासेर अस्पताल में रहकर लगातार रिपोर्टिंग कर रही थीं। वे विस्थापित फलस्तीनियों की परेशानियां, डॉक्टरों और नर्सों की मेहनत और भूख से जूझते बच्चों की हालत दुनिया तक पहुंचा रही थीं। इस्राइली सेना ने दावा किया कि उसने अस्पताल पर हमले में हमास के निगरानी कैमरे को निशाना बनाया था, न कि पत्रकारों को। प्रधानमंत्री ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। लेकिन यह सफाई मरियम के परिवार के गहरे दर्द को कम नहीं कर सकी। पिता और बहन की आंखों से आखिरी पल खान यूनिस में मरियम के पिता रियाद अपनी बेटी की आखिरी तस्वीरों को देखते हुए फूट-फूटकर रो पड़े।



# हैती : आयरिश मिशनरी समेत आठ लोग एक महीने बाद रिहा, अनाथालय पर हमले के दौरान किया गया था अगवा

**हैती ।** आयरलैंड की एक मिशनरी और तीन साल एक बच्चा उन आठ लोगों में शामिल हैं, जिन्हें हैती में बंदूकधारियों ने शुक्रवार को रिहा कर दिया। इन सभी को तीन अगस्त को एक अनाथालय पर हमले के दौरान अगवा कर लिया गया था। अधिकारियों और पीड़ितों के परिजनों ने उनकी रिहाई की पुष्टि की है।



गिना हेरेटी नाम की यह मिशनरी 1993 से हैती में काम कर रही हैं। वह सेंट-हेलीन अनाथालय में विशेष जरूरतों वाले बच्चों और वयस्कों के लिए चलाए जा रहे एक कार्यक्रम की निदेशक हैं। उनके परिवार ने कहा, हमारे पास इस राहत को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। हम हर उस व्यक्ति का धन्यवाद करते हैं, जिसने हमारी मदद की। हम हैती के लोगों के लिए शांति और सुरक्षा की कामना करते हैं, जो लगातार हिंसा से पीड़ित हैं।

आयरलैंड के उप-प्रधानमंत्री साइमन हैरिस ने एक्स इस रिहाई की पुष्टि की। हालांकि, हैती की सरकार ने इस पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। गिना हेरेटी और अन्य सात लोगों को जिस अनाथालय से अगवा किया गया था, वह 'नोस पेटी फ्रेरे ए सूर्स' नाम के एक अंतरराष्ट्रीय चैरिटी संस्था की ओर से संचालित किया जाता है।

# लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती में तेजी लाएगा जापान, बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच नीति में बड़ा बदलाव

**टोक्यो ।** जापान की सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार ये कदम चीन, उत्तर कोरिया और रूस से बढ़ते सुरक्षा खतरों को देखते हुए उठाया गया है। खासतौर पर चीन की आक्रामक नौसैनिक गतिविधियों को लेकर जापान सतर्क है। जापान ने दावा किया कि जून में पहली बार दो चीनी एयरक्राफ्ट कैरियर को अपने दक्षिणी द्वीपों के पास देखा, जिसके बाद सुरक्षा संकट को लेकर अहम कदम उठाने की आवश्यकता है। टॉमहॉक मिसाइलों को भी तैनात करने की योजना इसके साथ ही, जापान इस साल अमेरिका से खरीदी गई टॉमहॉक मिसाइलों को भी तैनात करने की योजना बना रहा है। जनशक्ति की कमी को देखते हुए जापान निगरानी के लिए मानव रहित हवाई, जल और पनडुब्बी ड्रोन तैनात करने की योजना पर भी काम कर रहा है। वहीं दूसरी ओर, जापान का यह कदम उसके द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनाए गए शांति संविधान से बड़ी नीति बदलाव की ओर इशारा करता है। 2022 में जापान ने नई सुरक्षा रणनीति अपनाई थी, जिसमें चीन को सबसे बड़ा रणनीतिक खतरा बताया गया था और अमेरिका के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत करने की बात कही गई थी। रक्षा बजट को भी बढ़ाने पर जोर इसके साथ ही जापान अब अपने रक्षा बजट को 2027 तक जीडीपी के 2% तक बढ़ा रहा है।



जापान ने शुक्रवार को एक अहम घोषणा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि वह अब अपनी घरेलू रूप से विकसित लंबी दूरी की मिसाइलों की तैनाती तय समय से एक साल पहले करेगा। इस बात की जानकारी जापान के रक्षा मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार अब ये मिसाइलें मार्च 2026 तक दक्षिण-पश्चिमी जापान के कुमामोटो स्थित सेना के कैंप केंगुन में तैनात कर दी जाएंगी। बता दें कि यह टाइप-12 एंटी-शिप मिसाइल एक विशेष प्रकार की मिसाइल है जो कि लगभग 1,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है

# चीन में पीएम मोदी का भव्य स्वागत चीनी कलाकारों ने दी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति

**टोक्यो ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन के तियानजिन स्थित होटल में प्रवासी भारतीयों ने स्वागत किया। उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चीन में भव्य स्वागत किया गया। यहां तियानजिन के होटल पहुंचने पर चीनी कलाकारों ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। पीएम मोदी ने इसकी सराहना की।

प्रधानमंत्री मोदी चीन दौरे पर पहुंच गए हैं। सात साल बाद पीएम मोदी का यह चीन दौरा हो रहा है। पीएम मोदी एससीओ सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

पीएम मोदी का तियानजिन में पारंपरिक भारतीय नृत्य के साथ स्वागत किया जाएगा। पीएम मोदी के स्वागत में प्रस्तुति देने वाली कथक नृत्यांगना डू जुआन ने कहा, 'मेरा भारतीय नाम सचिता है। आज हम कथक प्रस्तुत करने जा रहे हैं, और मैं पिछले 12 वर्षों से कथक सीख रही हूं। हम लंबे समय से इसका अभ्यास कर रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में प्रस्तुति देना हमारे लिए सम्मान की बात है। भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य मकरांत ठक्कर ने कहा, 'मैं उन सौभाग्यशाली लोगों में से एक हूं जो प्रधानमंत्री मोदी से पहले भी मिल चुके हैं, जब उन्होंने 2015 में शंघाई का दौरा किया था। हम उनसे यहां मिलने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हम सभी उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। भारत और चीन दोनों एक-दूसरे से सीख सकते हैं और साथ मिलकर काम कर सकते हैं।'



**थक नर्तकों के एक समूह ने अपनी प्रस्तुति की झलक दिखाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में प्रस्तुति दी। एक कथक नृत्यांगना ने कहा कि यह मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय अनुभव है। मैंने वास्तव में इसका भरपूर आनंद लिया**

प्रधानमंत्री अपनी जापान की दो दिवसीय यात्रा का समापन कर चीन के लिए रवाना हो गए हैं। जापान यात्रा के समापन पर पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि जापान की यह यात्रा याद रखी जाएगी। उन्होंने लिखा कि 'जापान की यह यात्रा उन उपयोगी परिणामों के लिए याद रखी जाएगी जिनसे हमारे देश के लोगों को लाभ होगा। मैं प्रधानमंत्री इशिबा, जापानी जनता और सरकार को उनकी गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई अब और महंगी

**ऑस्ट्रेलिया ।** ऑस्ट्रेलिया लंबे समय से भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा का एक आकर्षक गंतव्य रहा है। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के 43 विश्वविद्यालयों में 1.18 लाख से अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जो कुल विदेशी छात्रों का लगभग 15% हिस्सा है। इस मामले में केवल चीनी छात्र ही भारतीय छात्रों से आगे हैं, जो 20% से अधिक हैं। इसके बाद नेपाल, ब्राजील और मलेशिया जैसे देशों का स्थान आता है। लेकिन वीजा शुल्क और रिजर्व फंड की सीमा में हालिया बढ़ोतरी ने भारतीय सहित सभी विदेशी छात्रों पर आर्थिक दबाव बढ़ा दिया है। रिजर्व फंड वह न्यूनतम राशि है, जिसे छात्रों को अपने बैंक खाते में दिखाना होता है ताकि यह साबित हो सके कि उनके पास ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई के लिए पर्याप्त धन है।



शुल्क बढ़ोतरी ने आर्थिक स्थिति पर डाला असर सिडनी की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली भारतीय छात्रा अनुष्का गोस्वामी ने बताया कि वीजा शुल्क में बढ़ोतरी ने उनकी आर्थिक स्थिति पर असर डाला है। अनुष्का, जो पिछले चार साल से यहां पढ़ रही हैं, कहती हैं, ह्लजब मैं 2020 में यहां आई थी, तब वीजा शुल्क 600 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर था। अब यह 2000 डॉलर से अधिक हो गया है। इसके अलावा कॉलेज की फीस भी है। यह सब मिलकर हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई करना सही फैसला है कितना बढ़ा वीजा शुल्क और रिजर्व फंड इस साल अप्रैल में ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने विदेशी छात्रों के लिए वीजा शुल्क को 1600 से बढ़ाकर 2000 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर कर दिया। साथ ही, रिजर्व फंड की सीमा को 24,000 से बढ़ाकर 27,500 डॉलर कर दिया गया। इस बढ़ोतरी ने ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई को और महंगा बना दिया है। हालांकि, अनुष्का का कहना है।

# ट्रंप प्रशासन को झटका संघीय जज ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर लगाई अस्थायी रोक

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को शुक्रवार को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थायी रोक लगा दी। ट्रंप प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निकालना चाहता था।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। हालांकि, वॉशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया कॉब ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है।

कॉब ने 48 पन्नों की अपनी राय में लिखा, सरकार इस संक्षिप्त प्रक्रिया का बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली दलील देती है- जो लोग देश में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं, उन्हें संविधान के पांचवें संशोधन के तहत कोई कानूनी प्रक्रिया का अधिकार नहीं है, बल्कि उन्हें कांग्रेस (संसद) जो भी कृपा दे, उसे ही स्वीकार करना होगा। अगर यह दलील सही मानी जाए, तो फिर न केवल गैर-नागरिक, बल्कि हर किसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। जनवरी में ट्रंप के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी। इस प्रक्रिया में उन अवैध प्रवासियों को जल्दी देश से बाहर निकालना था जो अमेरिका में दो साल से कम समय से हैं। इस प्रयास के खिलाफ अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संगठन और प्रवासी अधिकार समूहों ने मुकदमे दायर किए हैं। पहले तेजी से निर्वासन की प्रक्रिया केवल उन्हीं प्रवासियों पर लागू होती थी जिन्हें अमेरिका-मैक्सिको सीमा से 100 मील के दायरे में पकड़ा जाता था और जो अमेरिका में 14 दिन या उससे कम समय से रह रहे होते थे। बाद में ट्रंप प्रशासन ने इस प्रक्रिया का विस्तार किया। जज कॉब ने न तो इस कानून की सांविधानिकता पर सवाल उठाया और न ही इसे सीमा पर लागू किए जाने को लेकर कोई आपत्ति जताई। कॉब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त की गई थीं। उन्होंने लिखा, मुद्दा यह है कि जब इस कानून को देश के अंदर रह रहे बड़ी संख्या में लोगों पर लागू किया जाता है, जिन्हें पहले तेजी से निर्वासन का सामना नहीं करना पड़ा, तो सरकार को उन्हें उचित कानूनी प्रक्रिया प्रदान करनी होगी।

# इस्राइल ने गाजा में तेज किए हमले 23 महीने बाद भी हमास के सुरंग से काम करने का संदेह, रोकी जाएगी सहायता

**यरूशलम ।** इस्राइल ने यह एलान ऐसे समय किया है कि जब गाजा में मरने वालों की संख्या 63,000 से ज्यादा हो गई है। अवदा अस्पताल के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश करते समय इजराइली गोलीबारी में चार लोग मारे गए। हालांकि अभी तक यह तय नहीं है कि सहायता में रुकावट कब शुरू होगी और हवाई सहायता कब पूरी तरह से बंद होगी। शनिवार तक गाजा में कई दिनों से कोई हवाई सहायता नहीं पहुंची।

फलस्तीनियों से दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा शुक्रवार को इजरायली सेना के प्रवक्ता ने फलस्तीनियों से दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा। वहीं सहायता समूहों ने चेतावनी दी है कि गाजा शहर से बड़े पैमाने पर लोगों को निकालने से गंभीर मानवीय संकट और बढ़ जाएगा। खाद्य संकट पर अग्रणी विशेषज्ञ ने कहा कि गाजा शहर अकाल की स्थिति में है और इस पट्टी में पांच लाख लोग भयावह स्तर की भूख का सामना कर रहे हैं।

रेड क्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति की अध्यक्ष मिरजाना स्पोलजारिक ने कहा कि इस तरह की निकासी से बड़े पैमाने पर जनसंख्या पलायन शुरू हो जाएगा, जिसे गाजा पट्टी का कोई भी क्षेत्र वहन नहीं कर सकता, क्योंकि नागरिक बुनियादी ढांचे का व्यापक विनाश हो चुका है और भोजन, पानी, आश्रय और चिकित्सा देखभाल की अत्यधिक कमी है। यह असंभव है कि गाजा शहर से बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से निकाला जा सके। लोग छोड़ रहे गाजा सिटी सैकड़ों निवासियों ने गाजा सिटी को छोड़ना शुरू कर दिया है।



**इस्राइल ने गाजा सिटी में हमलों को तेज करने का एलान किया है। इस्राइल को संदेह है कि 23 महीने बाद भी हमास सुरंग के जरिये काम कर रहा है। इस्राइल ने हमास को कमजोर करने के लिए यह कदम उठाया है। इस्राइल ने कहा कि वह जल्द ही उत्तरी गाजा के कुछ हिस्सों में मानवीय सहायता को धीमा कर देगा या रोक देगा। एक अधिकारी ने कहा कि इस्राइल गाजा पट्टी के उत्तरी भाग में सहायता ट्रकों के आगमन को कम कर देगा, क्योंकि वह दक्षिण में लाखों निवासियों को निकालने की तैयारी कर रहा है**

# नम आंखों से किया गया स्वर्गीय सचिन भारद्वाज को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर नमन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। कांग्रेस नेता नरेंद्र भारद्वाज के सुपुत्र तथा कांग्रेस की पूर्व लोकसभा उम्मीदवार तथा कांग्रेस एआईसीसी मेंबर डोली शर्मा के भाई स्वर्गीय सचिन भारद्वाज को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। वसुंधरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस तथा अन्य दलों के नेता समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय सचिन भारद्वाज की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया।

## राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के लिए गाजियाबाद में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिया पुलिस को शिकायत पत्र

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वोट अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माताजी पर गाली और बेहद आपत्तिजनक शब्दों को प्रयोग किए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव समेत कई लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। भाजपा महानगर अध्यक्ष पप्पू पहलवान और पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप की ओर से दिए गए शिकायत पत्र में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर धारा-120बी के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। शालीमार गार्डन थाने में दिए गए शिकायत पत्र में मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद रिजवी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।



पप्पू पहलवान ने कहा कि चुनावी यात्रा के दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माताजी के प्रति जिस प्रकार की अभद्र, अपमानजनक, अमानवीय और देशद्रोही भाषा का प्रयोग किया गया है, उसने सम्पूर्ण समाज को शर्मसार कर दिया है। यह बयान न केवल मातृ सम्मान का घोर अपमान है बल्कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाने वाला है।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट दशार्ता है कि जिनके पास जनता के लिए कोई सकारात्मक मुद्दा नहीं बचा, वे अब दिवंगत माताओं का अपमान करने तक उतर आए हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

इस अमर्यादित और घृणित आचरण के विरोध में आज शालीमार गार्डन थाने में उनके विरुद्ध औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई गई है। भाजपा महानगर यह मांग करती है कि प्रशासन तत्काल कठोरतम कानूनी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति देश के नेतृत्व और मातृत्सम्मान का अपमान करने का दुस्साहस न कर सके। इस मौके पर बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

वही, शालीमार गार्डन के थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया कि पप्पू पहलवान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शिकायत पत्र दिया है। पुलिस की ओर से शिकायत की जांच की जा रही है। जांच के बाद उचित फैसला लिया जाएगा।

## 'ब्रीथ ऑफ चेंज' अभियान : स्वच्छ हवा के लिए एक जन-आंदोलन

### गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) और राहगीरी फाउंडेशन ने किया 'ब्रीथ ऑफ चेंज' अभियान का शुभारंभ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और राहगीरी फाउंडेशन के साथ मिलकर आज 'ब्रीथ ऑफ चेंज' अभियान के सफल समापन का जश्न मनाया।

गाजियाबाद, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के इंजीनियरों और अधिकारियों के लिए एक दिवसीय इंटरैक्टिव प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नव स्थापित सीएक्यूएम रिसोर्स लैब ने एक प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र के रूप में कार्य किया, जिसने सड़क की धूल प्रदूषण को प्रभावी ढंग से कम करने और समग्र वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए स्थायी सड़क डिजाइन सिद्धांतों को अपनाने हेतु शहर के अधिकारियों को सशक्त बनाया।



**नागरिकों के लिए कार्यक्रम : स्वच्छ हवा के लिए एक जन-आंदोलन**

करंट क्राइम। इस संदेश को सीधे समुदाय तक पहुंचाने के लिए, शनिवार, 30 अगस्त को कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद के केंद्रीय विद्यालय रोड पर एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 300 से अधिक बच्चों ने गाजियाबाद के अधिकारियों के साथ मिलकर अस्थायी रूप से सड़क को वाहनों से मुक्त कर दिया, और इसे मस्ती और सीखने की सुबह के लिए एक कार-मुक्त क्षेत्र में बदल दिया। प्रतिभागियों ने कला प्रदर्शन, साइकिल चलाना, स्केटिंग, पैदल चलना और खेल खेलने का आनंद लिया। अंकित सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी ने मुख्य अतिथि डॉ. एस.डी. अत्री, सदस्य (तकनीकी), सीएक्यूएम, राहगीरी फाउंडेशन, विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों और विभिन्न स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों सहित सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया। सीएक्यूएम के सदस्य (तकनीकी) डॉ. एस.डी. अत्री ने इस सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'ब्रीथ ऑफ चेंज' कार्यशाला कार्रवाई का आह्वान है, जो हमारे इंजीनियरों और अधिकारियों को ठोस समाधान लागू करने के लिए उपकरणों के साथ सशक्त बनाती है। राहगीरी फाउंडेशन की सह-संस्थापक सारिका पांडा भट्ट ने कहा, खुले सड़क का कार्यक्रम एक लाइव प्रदर्शन है कि एक लोग-केंद्रित शहर कैसा महसूस करता है।

अध्यात्मिक नगर इंटर कॉलेज, डॉ. अम्बेडकर इंटर कॉलेज (इंदरगढ़, गाजियाबाद) और केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने कई आकर्षक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक छोटी थिएटर कक्षा भी आयोजित की गई, जिससे सभी प्रतिभागियों को रचनात्मक रूप से खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला।

## अपर पुलिस आयुक्त ने डिजिटल वोलंटियर टीम को किया सम्मानित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अपर पुलिस आयुक्त आईपीएस आलोक प्रियदर्शी द्वारा डिजिटल वोलंटियर टीम थाना नंदग्राम व थाना सिहानी गेट को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। बीते महीने सावन माह मे काँवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में डिजिटल वोलंटियर फोर्स थाना नंदग्राम कोऑडीर्नेटर अंकित गुप्ता और डिजिटल वोलंटियर फोर्स थाना सिहानी गेट कोऑडीर्नेटर गगन सिंह अरोड़ा ने मिलकार अपनी टीम को राजनगर एक्सटेंशन चौराहा से लेकर आर्य नगर कट और नंदग्राम मोड़ तक शिफ्ट वाइज ड्यूटी लगाई। दोनों टीम से 100 से ज्यादा वोलेंटियर सुबह 6 बजे से शिफ्ट वाइज ड्यूटी आरंभ कर देते और देर रात 3-4 बजे तक बिना थके ड्यूटी करते। मेरठ रोड से लाखों छोटी-बड़ी काँवड़ को पुलिस बल के साथ मिलकर सकुशल निकलवाया और साथ ही ट्रैफिक को भी नियंत्रित किया जिससे आम जनता को कोई परेशानी न उठानी पड़े। शाम के समय ट्रैफिक का ज्यादा दबाव रहता था जिसके लिए डीवीएफ टीम के वोलंटियर की ड्यूटी शाम समय अधिक संख्या में लगाइ गई।



तेज बारिश में भी डीवीएफ टीम के वोलंटियर ट्रैफिक को नियंत्रित करते हुए कांवड़ को सकुशल निकालते और जय भोले की करके कांवड़ियों का उत्साह भी बढ़ाते रहे। इस अवसर पर अपर पुलिस उपायुक्त नंदग्राम पूनम मिश्रा एवं सिहानी गेट थाना प्रभारी सचिन कुमार भी उपस्थित रहे।

## आईटीएस मोहन नगर में नए मैनेजमेंट छात्रों के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित आईटीएस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में 2025-2027 के छात्र छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद, निदेशक अजय कुमार और पीजीडीएम की अध्यक्ष अनुषा अग्रवाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर सुरेंद्र सूद ने सभी नए छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि छात्रों के जीवन में फ्रेशर्स पार्टी एक यादगार पल होता है जिसे छात्र हमेशा याद रखते हैं। निदेशक डॉक्टर अजय कुमार ने इंस्टिट्यूट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के जानकारी दी। इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष डॉक्टर आरपी चड्ढा ने नए छात्राओं का स्वागत करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए।

अश्मित यादव को मिस्टर फ्रेशर और इशिता शर्मा को मिस फ्रेशर का खिताब दिया गया। लक्ष्य शर्मा और मिस गुंजन सैनी को बेस्ट टैलेंट कमर अब्बास और प्रसिद्धि जायसवाल को बेस्ट अटायर, प्रिंस श्रीवास्तव और अंशिका राय को मिस फ्रेश फेस का अवार्ड दिया गया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार एसपी सिंह के जन्मदिन की खुशी को उनके परिजनों से लेकर उनके दोस्तों ने साझा किया। सभी ने सरदार एसपी सिंह की लंबी आयु ,उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की। अपनों के साथ जन्मदिन की खुशी के इस पल को सरदार एसपी सिंह ने फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।